

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



धमाल 4 और वेलकम 2...



रेड कार्पेट पर बिखेरा ...

वर्ष : 12 | अंक : 146 | लखनऊ, 19 मई, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

दो देशों की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए राजनाथ सिंह

# चीन को लगेगा तगड़ा झटका, वियतनाम संग फाइनल होगी ब्रह्मोस डील!

राजनाथ सिंह वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर निकल गए हैं। उनकी इस यात्रा को बेहद खास माना जा रहा है। वियतनाम के साथ भारत की ब्रह्मोस डील अंतिम चरणों में चल रही है। ऐसे में यह आशंका भी जताई जा रही है कि राजनाथ सिंह का दौरा इस डील को अमलीजामा पहना सकता है। अगर दोनों देशों के बीच यह डील हो जाती है तो चीन के लिए यह बहुत बड़ा झटका होगा।

यात्रा का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक में भारत की स्थित को मजबूत करना

रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत बनाना

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो देशों के दौरे पर रवाना हो चुके हैं। इनमें से एक देश है वियतनाम तो वहीं दूसरा देश है साउथ कोरिया। रक्षा मंत्री की इस यात्रा का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक में भारत की स्थित को मजबूत करना है। लेकिन उनकी इस यात्रा से बरसों से पाइपलाइन में पड़ी भारत और वियतनाम की ब्रह्मोस डील फाइनल होने की उम्मीद एक बार फिर जाग गई है। रक्षा मंत्री ने भारत से रवाना होते समय एक सोशल मीडिया पोस्ट की। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने लिखा इस सप्ताह वियतनाम और दक्षिण कोरिया का दौरा करने के लिए मैं उत्सुक हूं, ताकि हम अपने आपसी जुड़ाव के दायरे को और अधिक विस्तृत कर सकें। मेरा मुख्य जोर रणनीतिक सैन्य सहयोग को और गहरा करने, रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत बनाने और समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर रहेगा, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

### सबसे ज्यादा फोकस रक्षा क्षेत्र पर

बता दें कि दोनों देश पहले ही के-9 वज्र तोप प्रणाली को लेकर मदद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राजनाथ के इस दौरे में अगली पीढ़ी की डिफेंस तकनीकों के अलावा एयर डिफेंस सिस्टम और रक्षा स्टार्टअप बढ़ाने पर चर्चा हो सकती है। राजनाथ सिंह दक्षिण कोरिया के दौरे पर भी जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच कोरिया-इंडिया डिफेंस एक्सेलेरेटर को आगे बढ़ाने पर बात हो सकती है।

### अंतिम चरणों में पहुंची डील

राजनाथ सिंह के वियतनाम दौरे में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग सबसे बड़ा एजेंडा रहने वाला है। सबका फोकस इस बात पर है कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील को लेकर दोनों देशों के बीच क्या बातचीत होती है। डील अंतिम चरणों में ही है। इसके साथ ही भारत और वियतनाम के बीच समुद्री सुरक्षा, संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक सहयोग और रक्षा उपकरणों के मेंटेनेंस को लेकर भी बातचीत हो सकती है। वही दोनों देशों की चार दिवसीय यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### दक्षिण चीन सागर पर बढ़ा रक्षा सहयोग

हाइड्रोकार्बन के विशाल स्रोत, दक्षिण चीन सागर पर चीन के व्यापक संप्रभुता के दावों को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र के कई देशों, जैसे वियतनाम, फिलीपीन और ब्रुनेई द्वारा भी दक्षिण चीन सागर पर अलग-अलग दावे किए जाते रहे हैं। भारत और कई अन्य लोकतांत्रिक देश इन विवादों के शांतिपूर्ण समाधान तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री कानूनों से संबंधित यूएनसीएलओएस संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के पालन पर जोर देते रहे हैं।

### डील से भारत को यह फायदा होगा

- डील फाइनल होने पर वियतनाम ब्रह्मोस खरीदने वाला तीसरा देश बन जाएगा।
- इससे पहले फिलीपींस और इंडोनेशिया ब्रह्मोस की खरीद कर चुके हैं।
- इस सौदे की अनुमानित कीमत लगभग 5 हजार 800 करोड़ रुपए हो सकती है।
- वियतनाम के सुखोई-30 विमानों के मेंटेनेंस के लिए मदद करने पर भी विचार।
- पनडुब्बियों की रिपेयरिंग का प्रस्ताव भी वियतनाम को दे सकता है भारत

## खबर संक्षेप

### शिकागो : सड़क हादसे में भारतीय छात्रा की मौत

**शिकागो।** अमेरिका में शिकागो के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 25 साल की एक भारतीय छात्रा की जान चली गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार देर रात इंडियाना राज्य के लेक काउंटी में क्राउन पॉइंट शहर के पास इंटरस्टेट 65 हाईवे पर हुई। मीडिया से मिली जानकारी के मुताबिक मृत छात्रा की पहचान नव्या गड्डू के रूप में की है। लेक काउंटी कोरोनर कार्यालय ने रविवार रात 12 बजकर 16 मिनट पर नव्या को मृत घोषित कर दिया। नव्या की मौत दुर्घटना में चोट लगने से हुई है।



### चीनः ट्रक पुल के नीचे गिरा एक की मौत

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिम चीन में शनिवार को एक पिकअप ट्रक के पुल से गिरने के कारण एक मजदूर की मौत हो गई और नौ लोग लापता हैं। यह जानकारी सरकारी मीडिया में प्रकाशित खबरों में दी गयी है। ट्रक में कुल 15 लोग सवार थे और यह श्रमिकों को दक्षिणी ग्वांग्शी क्षेत्र में स्थित एक शकरकंद के खेत में ले जा रहा था। शेष नौ लोगों की तलाश और उन्हें बचाने के लिए रविवार को भी प्रयास जारी रहा। हुआनजियांग माओनान ऑटोनोमस काउंटी में कम जलस्तर वाले पुल को पार करते समय ट्रक नदी में गिर गया।



### मेक्सिको में गोलीबारी 10 लोगों की मौत

**मेक्सिको।** फीफा विश्व कप की तैयारी कर रहे मेक्सिको में सोमवार को बड़ी वारदात सामने आई है। यहां प्यूब्ला राज्य के तेहुइटजिंगो शहर में तड़के 10 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और एक नाबालिग शामिल है। अल जजीरा के मुताबिक, पीड़ितों पर कथित तौर पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया था। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसियों ने गोलीबारी की जानकारी दी थी।



स्वीडन में प्रधानमंत्री ने गोलमेज सम्मेलन में यूरोपीय सीईओ से की मुलाकात

स्वीडन का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी प्राप्त किया

# पीएम मोदी ने व्यापार, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हरित परिवर्तन पर चर्चा की

भारत की वैश्विक वाणिज्यिक उपस्थिति के क्षितिज को विस्तारित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में विभिन्न सीईओ से मुलाकात की



प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीडन के गोथेनबर्ग में सीईओ बैठक में भाग लिया।

इस यात्रा का उद्देश्य भारत और स्वीडन के बीच सहयोग को नई दिशा देना

यात्रा से भारत–स्वीडन संबंधों को नई गति मिलने की उम्मीद

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीदरलैंड और संयुक्त अरब अमीरात की यात्राओं के बाद स्वीडन के गोथेनबर्ग पहुंचे। यह उनकी पांच देशों की यूरोप यात्रा का तीसरा चरण है। एयरपोर्ट पर स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में शीर्ष यूरोपीय व्यापार जगत के नेताओं से मुलाकात की, ताकि निवेश और औद्योगिक तालमेल को बढ़ावा दिया जा सके। उन्हें स्वीडन का सर्वोच्च सम्मान, रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार कमांडर ग्रैंड क्रॉस भी प्राप्त हुआ, जो उनका 31वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन से व्यापार, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हरित परिवर्तन पर चर्चा की। इस यात्रा में भारतीय प्रवासियों के साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल था, जिसमें स्वीडिश ओपेरा गायिका चार्लोटा हुल्ट्ट ने भजन प्रस्तुत किया। इस यात्रा से भारत–स्वीडन संबंधों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### स्वीडन एयरस्पेस में ग्रिपेन फाइटर जेट्स ने दिया एस्कॉर्ट

पीएम मोदी के आगमन को विशेष महत्त्व देते हुए स्वीडन के ग्रिपेन फाइटर जेट्स ने उनके विमान को स्वीडिश एयरस्पेस में एस्कॉर्ट किया। यह भारत और स्वीडन के बीच बढ़ते रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधो का प्रतीक माना जा रहा है।

### व्यापार, तकनीक और हरित ऊर्जा पर फोकस

इस यात्रा का उद्देश्य भारत और स्वीडन के बीच सहयोग को नई दिशा देना है। दोनों देशों के बीच व्यापार, तकनीक, ग्रीन ट्रांजिशन, स्टार्टअप, और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर रहेगा।

### भारत–स्वीडन संबंधों की ऐतिहासिक पृष्टभूमि

भारत ने वर्ष 2018 में पहली भारत–नॉर्डिक शिखर बैठक के दौरान स्वीडन की यात्रा की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग को और गहरा करने का अवसर प्रदान करेगी।

### उच्चस्तरीय वार्ता में कई अहम मुद्दों पर चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी और स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के बीच होने वाली वार्ता में भारत–स्वीडन संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। इसमें रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष सहयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु परिवर्तन, स्टार्टअप इकोसिस्टम और आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषय शामिल होंगे।

### बढ़ता व्यापार और निवेश

विदेश मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2025 में भारत–स्वीडन के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 7.75 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। वहीं, वर्ष 2000 से 2025 के बीच स्वीडन से भारत में 2.825 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है।

### भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की तैयारी

दोनों देश अब नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और रक्षा निर्माण जैसे भविष्य के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

मची अफरा-तफरी, सुरक्षित बचे चारों क्रू मेंबर्स

# एयर शो के दौरान आपस में टकराए दो एफ-18 लड़ाकू विमान, क्रैश होते ही बन गए आग का गोला



अमन लेखनी समाचार/ वाशिंगटन,

अमेरिका में एयर शो के दौरान हुए बड़े हादसे ने सैन्य विमानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदर्शन के बीच दो लड़ाकू विमान आपस में टकरा गए, हालांकि सभी क्रू मेंबर सुरक्षित बच निकले। हादसे के बाद पूरे कार्यक्रम को रद्द कर जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिका के माउंटेन होम एयरफोर्स बेस में आयोजित एयर शो के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब दो अमेरिकी ईए-18जी ग्राउलर लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकरा गए। हादसे के बाद एयरबेस को तत्काल लॉकडाउन कर दिया गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अमेरिका के माउंटेन होम एयरफोर्स बेस में आयोजित एयर शो के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब दो अमेरिकी ईए-18जी ग्राउलर लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकरा गए। हादसे के बाद एयरबेस को तत्काल लॉकडाउन कर दिया गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बीच आसमान में हुई इस भीषण टक्कर के बाद विमानों के परखच्चे उड़ गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब 12:30 बजे स्थानीय समय की है, जिसके तुरंत बाद घटना स्थल से काले धुएं का गुबार उठता देखा गया। इस हादसे का शिकार हुए विमान अमेरिकी नौसेना/वायुसेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले दो ईए-18जी ग्राउलर फाइटर जेट्स थे, जो एफ-18 हॉरनेट का ही एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर वेरिएंट हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जेट एयरबेस से लगभग दो मील दूर जाकर गिरे। फिलहाल आपातकालीन दल घटनास्थल पर मौजूद हैं और हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

### हवा में टूटे विमान, लेकिन चमत्कारिक रूप से बचे चारों क्रू मेंबर्स

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस घटना के वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे करतब दिखाते वक्त दोनों विमान आपस में टकरा जाते हैं और उनके टुकड़े हवा में बिखर जाते हैं। लेकिन इस भयानक मंजर के बीच एक चमत्कार हुआ। टक्कर के ठीक कुछ सेकेंड बाद आसमान में चार पैराशूट खुलते हुए दिखाई दिए।

मिली बोरेहामवुड की कमान, जताया आभार

## तुषार कुमार ने रचा इतिहास, ब्रिटेन में सबसे युवा भारतीय मूल के मेयर बने

अमन लेखनी समाचार/ बीजिंग,



भारतीय मूल के 23 वर्षीय तुषार कुमार ने ब्रिटेन में इतिहास रच दिया है। उन्हें आधिकारिक तौर पर एल्सट्री और बोरेहामवुड का मेयर नियुक्त किया गया है। वह ब्रिटेन के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय मूल के व्यक्ति बन गए हैं।

13 मई को बोरेहामवुड के फेयरवे हॉल में आयोजित एक समारोह में उनकी नियुक्ति की पुष्टि हुई। तुषार कुमार ने लंदन के किंग्स कॉलेज से राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की है। मेयर की जिम्मेदारी संभालने से पहले वह डिप्टी मेयर के रूप में काम कर रहे थे। वह लंबे समय से बोरेहामवुड में स्थानीय नागरिक और सामुदायिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। इस बड़ी उपलब्धि पर तुषार कुमार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे एक बड़ा सम्मान बताया। तुषार ने कहा कि किंग्स कॉलेज में राजनीति विज्ञान पढ़ने से लेकर अपने पसंदीदा शहर का मेयर बनने तक का यह सफर उनके लिए किसी सपने जैसा है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से परमाणु सहयोग पर की बातचीत

## भारत-अमेरिका सहयोग के विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा : जितेंद्र सिंह

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश और औद्योगिक सहयोग के नए अवसरों पर अमेरिकी उद्योग प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत चर्चा की। यह उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल परमाणु ऊर्जा संस्थान और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के प्रतिनिधियों से मिलकर बना था। बैठक में भारत के महत्वाकांक्षी परमाणु ऊर्जा मिशन, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने वाले हालिया सुधारों और स्वच्छ ऊर्जा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग के विस्तार पर चर्चा हुई। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और उभरते क्षेत्रों में मजबूत और भविष्य उन्मुख साझेदारी विकसित हो रही है, जिसमें नागरिक परमाणु सहयोग का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फरवरी 2025 की बैठक के दौरान शुरू की गई।

बैठक गांधी नगर में 19 से 22 मई तक आयोजित होगी

## ब्रिक्स न्याय मंत्रियों की बैठक आज से भारत करेगा अध्यक्षता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ब्रिक्स देशों के वरिष्ठ अधिकारियों और न्याय मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आज 19 मई से 22 मई तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होगी। भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता के तहत इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग द्वारा आयोजित यह चार दिवसीय बैठक कानूनी सुधारों, विवादों के त्वरित निपटारे और वैकल्पिक विवाद समाधान (को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। बैठक के अंत में ब्रिक्स न्याय मंत्रियों द्वारा संयुक्त वक्तव्य अपनाया जाएगा, जिसमें मध्यस्थता और एडीआर को मजबूत करने के लिए ठोस प्रतिबद्धताएं शामिल होंगी। मध्यस्थता और मध्यस्थता में क्षमता निर्माण के माध्यम से वैकल्पिक विवाद समाधान को मजबूत करना विषय पर एक घोषणापत्र भी जारी किया जाएगा। यह बैठक ब्रिक्स देशों के बीच न्यायिक क्षेत्र में सहयोग को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। भारत इस आयोजन के जरिए वैश्विक मंच पर कानूनी सुधारों और त्वरित न्याय व्यवस्था में अपनी नेतृत्व भूमिका को और मजबूत करना चाहता है।

BRICS INDIA 2026

### चर्चा के प्रमुख मुद्दे

- संस्थागत मध्यस्थता और मध्यस्थता सुधार
- वाणिज्यिक एवं सार्वजनिक क्षेत्र के विवादों में एडीआर की भूमिका
- अदालतों में लंबित मामलों को कम करना
- डिजिटल तकनीक के जरिए सस्ता और तेज न्याय
- ब्रिक्स देशों के बीच क्षमता निर्माण, ट्रेनिंग प्रोग्राम और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान

# डिजिटल मॉनिटरिंग से जवाबदेह हुआ सिस्टम, घर बैठे मिल रहा समाधान

- वृद्धावस्था पेंशन और छात्रवृत्ति से जुड़े मामलों को मिल रही प्राथमिकता

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम) पोर्टल आम जनता की समस्याओं के समाधान का मजबूत माध्यम बन चुका है। डिजिटल तकनीक के जरिए शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण होने से लोगों का भरोसा सरकारी व्यवस्था पर बढ़ा है। खास बात यह है कि बुजुर्ग लाभार्थी घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कर उसकी प्रगति की जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं।

आईजीआरएस पोर्टल के जरिए लोग घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कर उसकी प्रगति की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। इससे सरकारी कार्यालयों के चक्कर कम हुए हैं और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफलाइन शिकायत प्रणाली के जरिए लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सरकार की यह व्यवस्था सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिससे आम जनता को सीधे राहत मिल रही है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जा है। इससे बुजुर्गों और छात्रों को समय पर आर्थिक सहायता मिल रही है।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए यह योजनाएं बड़ी राहत साबित हो रही हैं। समाज कल्याण विभाग से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत या योजना संबंधी जानकारी के लिए नागरिक 14568 समाज कल्याण हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति, पारिवारिक लाभ योजना समेत विभिन्न योजनाओं से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है।

# भाजपा नाटकबाज पार्टी है : अखिलेश यादव

- सपा अध्यक्ष ने विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित, भाजपा से सावधान रहने की दी नसीहत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा नाटकबाज पार्टी है। नकारात्मक प्रचार करती है। सपा को बदनाम करने की साजिश करती है। भाजपा राजनीतिक पार्टी नहीं गैंग है। निर्दोष लोगों को पुलिस से फंसाती है, परेशान करती है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हताश और बौखलायी हुई हैं इसीलिए अलोकतांत्रिक व्यवहार कर रही है। वह जनता का भरोसा खो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा लाख षडयंत्र कर ले इस बार प्रदेश की जनता सपा सरकार बनाने का निर्णय कर चुकी है। विधानसभा चुनाव में सपा सरकार बनना तय है। 2027 के चुनाव में भाजपा का पता नहीं चलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सनातन विरोधी है। मेरे मंदिर से जाने के बाद भाजपा के लोगों ने उसे गंगाजल से धुलवाया था। भाजपा सरकार में शंकराचार्य को अपमानित किया। उनके खिलाफ झूठे मुकदमे कराये। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को मर्यादित आचरण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा से सावधान रहना है। भाजपा सोशल मीडिया का दुरूपयोग करेगी। यादव ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों से महंगाई और बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। डीजल, पेट्रोल, गैस सब महंगा हो गया है। भाजपा ने पूरी अर्थव्यवस्था को तहस नहस कर दिया। भाजपा के मंत्री वाहनों की संख्या कम करने को लेकर गुमराह कर रहे है। भाजपा का कोई विजन नहीं है। वह समाज को आपस में लड़ाती है। भाजपा विकास विरोधी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि गांवों का विकास होना चाहिए। गांवों में सभी आधुनिक सुविधाएं होनी चाहिए। सपा सरकार में स्मार्ट विलेज बनाये जाएंगे। गांवों का हर तरह से विकास होगा। इस अवसर पर दर्जनों गांवों के प्रधानों ने अखिलेश यादव से भेंट की। मुलाकात के लिए आये नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 2027 में सपा सरकार बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## अखिलेश ने की वकीलों के चैम्बरों को तोड़ने की निंदा



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से सोमवार को राज्य मुख्यालय, लखनऊ में एडवोकेट एसपी सिंह के साथ वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने कल राजधानी में वकीलों के चैम्बरों को बुल्डोजर से जमींदोज किए जाने और वकीलों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की शिकायत की। वकीलों का कहना था कि उन्हें पहले कोई नोटिस नहीं मिली। वे चैम्बर्स भी गिरा दिए गए जिन्हें गिराने के लिए निशान भी नहीं लगे थे। वर्षों से बने चैम्बर अवैध कैसे हो गए? भाजपा ने पवित्र ग्रंथ रामचरित मानस को अपमानित किया। वकील प्रतिनिधियों ने कहा कि पुलिस ने उनके साथ बहुत अपमान जनक व्यवहार किया। महिला वकीलों के साथ भी अभद्रता की गई। अखिलेश यादव ने वकीलों के प्रति सहानुभूति जताते हुए अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के चैम्बरों को तोड़ने की निंदा की। उन्होंने घायल वकीलों के निःशुल्क इलाज तथा मुआवजा दिए जाने की भी मांग की। इस अवसर पर शुभांगी द्विवेदी, सोनम सिंह एडवोकेट एवं शालिनी सोनकर की उपस्थिति है।

## प्रधानाध्यक पद के लिए छूटे हुए अभ्यर्थी करें प्रत्यावेदन

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापक एवं प्रवक्ता (पुरूष / महिला शाखा) संवर्ग से छूटे हुए शिक्षकों की उत्तर प्रदेश, शैक्षिक अध्यापन (अधीनस्थ राजपत्रित) सेवा (पुरूष / महिला शाखा) के प्रधानाध्यापक / समकक्ष पदों सूची (वेबसाइट-पर पदोन्नति हेतु अर्ह शिक्षकों की madhyamikshiksha.upsdc.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है। सूची में अंकित शिक्षक अपना प्रत्यावेदन, गोपनीय आख्या/वांछित प्रमाण पत्र शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के नियुक्ति (राज०) माध्यमिक अनुभाग की ई-मेल [illegible] पर 21.05.2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि में प्रत्यावेदन प्राप्त न होने की दशा में पदोन्नति के सम्बन्ध में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## पॉलीटेक्निक ऑनलाइन आवेदन की तिथि 20 तक बढ़ी

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आयोजित की जाने वाली वर्ष 2026 की पॉलीटेक्निक (कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा) के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पूर्व में 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई थी। अभ्यर्थियों एवं विभिन्न संस्थानों द्वारा तिथि बढ़ाए जाने की मांग को दृष्टिगत रखते हुए छात्रहित में आवेदन की अंतिम तिथि को पहले 17 मई तक विस्तारित किया गया था लेकिन पुनः प्राप्त अनुरोधों एवं अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिषद द्वारा छात्रहित में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को एक बार फिर बढ़ाते हुए 18 मई से 20 मई तक अंतिम अवसर के रूप में विस्तारित किया गया है। परिषद द्वारा अभ्यर्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे इस विस्तारित अवधि का अधिकतम लाभ उठाते हुए समय से परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। बता दें कि 18 मई तक कुल प्रवेश क्षमता 2,71,093 के सापेक्ष 4.20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने फैसले का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने यूपी कैबिनेट द्वारा समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दिये जाने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि उसके लिए सामाजिक न्याय केवल राजनीतिक नारा नहीं बल्कि जमीन पर लागू होने वाली व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में ओबीसी आरक्षण को संवैधानिक और कानूनी रूप से मजबूत आधार देने के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन एक ऐतिहासिक कदम है। यह आयोग ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्गों की सामाजिक और राजनीतिक हिस्सेदारी का अध्ययन करेगा ताकि आरक्षण का निर्धारण सही आंकड़ों, पारदर्शी प्रक्रिया और संवैधानिक व्यवस्था के आधार पर सुनिश्चित किया जा सके। इससे पिछड़े समाज को लोकतंत्र की जड़ों तक मजबूत प्रतिनिधित्व मिलेगा और स्थानीय स्तर पर उनकी भागीदारी और अधिक प्रभावी होगी।



पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार ऐसे निर्णय ले रही है जिनसे गांव, गरीब, पिछड़े और वंचित समाज की लोकतांत्रिक भागीदारी मजबूत हो रही है। भाजपा सरकार का स्पष्ट मानना है कि सामाजिक न्याय केवल नारों से नहीं बल्कि मजबूत संस्थागत व्यवस्था, पारदर्शी नीति और वास्तविक प्रतिनिधित्व से सुनिश्चित होता है।

श्री चौधरी के अनुसार केंद्र सरकार ने भी पिछले वर्षों में पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना, गरीब और वंचित वर्गों के लिए आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर जल, स्वनिधि योजना और विश्वकर्मा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को सीधे लाभ पहुंचाना सामाजिक न्याय की उसी सोच का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय को वोट बैंक की राजनीति से बाहर निकालकर विकास और सम्मान से जोड़ा गया है। आज गरीब, पिछड़े, दलित और वंचित वर्ग का व्यक्ति योजनाओं का केवल लाभार्थी नहीं बल्कि देश के विकास का सक्रिय भागीदार बन रहा है। भाजपा सरकार की नीतियों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक अवसर, सुविधा और सम्मान पहुंचाना है।

पंकज चौधरी ने कहा कि आयोग में ऐसे विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा जिन्हें पिछड़े वर्गों से जुड़े विषयों की गहरी समझ और अनुभव हो। आयोग की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और संवैधानिक मजबूती और अधिक सुनिश्चित होगी। इससे पंचायत चुनावों में आरक्षण को लेकर भविष्य में किसी प्रकार के भ्रम या विवाद की संभावना भी कम होगी। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है और यही कारण है कि आज समाज का हर वर्ग भाजपा सरकार में खुद को सुरक्षित, सम्मानित और सहभागी महसूस कर रहा है। भाजपा वोट बैंक की नहीं बल्कि वास्तविक प्रतिनिधित्व, समान अवसर और सामाजिक न्याय की राजनीति करती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने वर्षों तक पिछड़ों और दलितों के नाम पर केवल वोट बैंक की राजनीति की है। चुनाव आते ही उन्हें पीडीए की याद आती है लेकिन सत्ता में रहते हुए उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए कोई ठोस, पारदर्शी और संस्थागत व्यवस्था विकसित नहीं की। सपा की राजनीति परिवारवाद, तुष्टिकरण और केवल चुनावी घोषणाओं तक सीमित रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का स्पष्ट मानना है कि पिछड़ों को सिर्फ भाषण नहीं बल्कि भागीदारी, अवसर और निर्णय लेने का अधिकार मिलना चाहिए। डबल इंजन सरकार उसी दिशा में लगातार काम कर रही है और समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन उसी संकल्प का मजबूत उदाहरण है।

# हर प्रशिक्षण बैच में 5% सीटें दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित

- एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण में मिलेगी विशेष प्राथमिकता

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा समाज के वंचित एवं विशेष जरूरत वाले वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। योगी सरकार की इस पहल के तहत प्रदेश में संचालित सभी अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रत्येक बैच में दिव्यांगजनों के लिए 5 प्रतिशत सीटें अनिवार्य रूप से आरक्षित की गई हैं।

मंत्री अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुरूप एसिड अटैक पीड़ितों को दिव्यांगजन की श्रेणी में शामिल किए जाने के दृष्टिगत उन्हें कौशल प्रशिक्षण में विशेष प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई एसिड अटैक पीड़ित महिला प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छुक एवं पात्र है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर पंजीकृत किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कौशल विकास केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सम्मान लौटाने का सशक्त जरिया है। उन्होंने कहा कि मिशन का लक्ष्य है कि प्रशिक्षण एवं रोजगार के माध्यम से इन महिलाओं को समाज में समान अवसर एवं नई पहचान मिल सके।

मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर प्रदेश के सभी जनपदों की जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों (डीपीएमयू) को निर्देशित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में गठित होने वाले प्रशिक्षण बैचों में आरक्षित सीटों पर पात्र लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के जिला प्रोबेशन अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र लाभार्थियों को इस योजना से जोड़ा जा सके।

## एकेटीयू में कैंपस प्लेसमेंट के लिए पंजीकरण 21 तक

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के फार्मा छात्रों को कैडिला फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड में नौकरी पाने का अवसर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। कैंपस प्लेसमेंट में बीफार्मा एवं एमफार्मा के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। कंपनी मेडिकल रिप्रजेंटेटिव के पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन कर रही है। इस कैंपस प्लेसमेंट में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को 21 मई तक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद कंपनी बॉयोडाटा के आधार पर छात्रों को शॉर्टलिस्ट करेगी। लिखित परीक्षा, तकनीकी जांच, साक्षात्कार एवं ग्रुप डिस्कशन के बाद अंतिम रूप से छात्रों का चयन किया जाएगा। चयनित छात्र को कंपनी की ओर से तीन लाख रुपये सालाना का पैकेज मिलेगा।

# तेलीबाग में खड़े ई-रिक्शा से दो बैटरियां चोरी, चालक का रोजगार ठप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेलीबाग क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला थाना पीजीआई क्षेत्र स्थित तेलीबाग चौकी इलाके का है, जहां घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा से अज्ञात चोर दो बैटरियां चोरी कर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है पीड़ित चालक ने पुलिस से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सेक्टर 5ए, ब्लॉक नंबर 12 निवासी सुमित यादव रोज की तरह अपना ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा कर सोने चले गए थे। आरोप है कि 16 मई की देर रात करीब दो बजे अज्ञात चोरों ने ई-रिक्शा का लॉक खोलकर उसमें लगी दो बैटरियां चोरी कर लीं। सुबह उठने पर ई-रिक्शा खुला मिला और बैटरियां गायब थीं। पीड़ित सुमित यादव ने बताया कि ई-रिक्शा ही उनके



परिवार की रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा है। बैटरियां चोरी होने से उनका रोजगार पूरी तरह ठप हो गया है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और रात में सख्त निगरानी की मांग की है। बताया जा रहा है कि पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। वही चौकी इंचार्ज तेलीबाग ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच हो रही है।

# हर पीड़ित को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता : श्री केशव प्रसाद मौर्य

## जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सुनी जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में आयोजित ह्यजनता दर्शनह्ल कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांगजन एवं युवा उपस्थित रहे। लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी समस्याएं उप



मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा पीड़ितों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि ह्यजनता दर्शनह्ल सरकार और आमजन के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है, जिससे वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिलती है और उनका त्वरित समाधान संभव हो पाता है। श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी फरियादी निराश नहीं लौटेगा और प्रत्येक समस्या का हरसंभव समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि ऐसा समाधान किया जाए, जिससे पीड़ित व्यक्ति पूरी तरह संतुष्ट हो तथा उसे बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद एवं अवैध कब्जों से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए श्री मौर्य ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न एवं अवैध कब्जों के मामलों में आवश्यकता पड़ने पर कठोर कार्रवाई भी की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेही के साथ होना चाहिए, ताकि आमजन का शासन और प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान डबल इन्जन सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री मौर्य ने अधिकारियो को निर्देशित किया कि पूरी तत्परता व संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले। हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन मे बहराइच, प्रयागराज, गाजीपुर, सीतापुर, बरेली, बुलन्दशहर, एटा, झांसी, सुल्तानपुर, महोबा, उन्नाव, आजमगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, जालौन, अलीगढ, प्रतापगढ़ सहित लगभग दो दर्जन से अधिक जिलो से आये सैकड़ो लोगो ने अपनी समस्यायें रखी।

# दहेज में कार की मांग पर टूटी शादी, युवती ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में दहेज में कार की मांग को लेकर एक शादी टूटने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने होने वाले पति समेत उसके परिवार के कई सदस्यों पर दहेज मांगने, धमकी देने और शादी समारोह में अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माल क्षेत्र के अटारी गांव निवासी रामकुमार की पुत्री मीना मुताबिक उसकी शादी त्रिवेणीनगर तृतीय निवासी राहुल कुमार के साथ 22 नवंबर 2025 को तय हुई थी। आरोप है कि रोका और बरिक्षा रस्म के दौरान लड़के पक्ष को नकदी, कपड़े, फल, मिठाई, ड्राईफ्रूट समेत लाखों रुपये का सामान और 21 हजार रुपये नकद दिए गए थे। पीड़िता का आरोप है कि शादी की तारीख नजदीक आने के बाद राहुल कुमार, उसकी मां माया देवी, भाई कुलदीप और बहनों दीपिका व संध्या उर्फ जया ने दहेज में कार की मांग शुरू कर दी। विरोध करने पर शादी तोड़ने और रिश्ता कहीं और करने की धमकी दी गई। युवती के अनुसार परिवार ने सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने के लिए कर्ज लेकर शादी की तैयारियां पूरी कीं। आरोप है कि बारात आने पर कुछ बाराती शराब के नशे में थे और समारोह के दौरान अभद्रता करते हुए तोड़फोड़ करने लगे। तिलकोत्सव में लड़की पक्ष द्वारा एक लाख रुपये नकद और कार के बदले अपाचे मोटरसाइकिल देने के बावजूद लड़के पक्ष नाराज हो गया और बारात वापस ले जाने की बात कहने लगा। आरोप है कि बाद में अतिरिक्त एक लाख रुपये देने और भविष्य में कार देने का आश्वासन मिलने पर विवाह की रस्में पूरी कराई गईं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद राहुल कुमार ने कार न मिलने पर गंभीर धमकी दी, जिससे भयभीत होकर उसने विदाई से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और बारात वापस लौट गई। पीड़िता ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सीको कॉलेज ऑफ फामेर्सी लखनऊ में मैक्लिआड्स फार्मास्यूटिकल कंपनी द्वारा जॉब फेयर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार/ संवाददाता : शुभम सिंह चौहान

लखनऊ। सीको कॉलेज ऑफ फामेर्सी, लखनऊ में 18 मई 2026 को मैक्लिआड्स फार्मास्यूटिकल कंपनी द्वारा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस जॉब फेयर में कॉलेज के बी.फार्मा, डी.फार्मा एवं आईटीआई के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मैक्लिआड्स फार्मास्यूटिकल कंपनी की एचआर टीम द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किए गए, जिसके बाद लगभग 40 छात्रों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया। इस आयोजन में कॉलेज के फैकल्टी एवं अन्य स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जॉब फेयर में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के फामेर्सी कॉलेजों से आए छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की। कॉलेज के फाउंडर सतीश बत्रा, निदेशक डॉ. मुकेश कुमार दुबे, मैनेजर रक्षपाल सिंह एवं प्रवक्ता डी. पी. यादव ने चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कंपनी का आभार व्यक्त किया।

# साहित्य और संस्कृति समाज को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम : श्री केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को लखनऊ के गोमतीनगर स्थित एल पी एस गोमतीनगर (निकट कठौता झील) में आयोजित भारत की कविता (द कविता कॉन्सर्ट) कार्यक्रम में प्रतिभाग कर भावपूर्ण काव्य प्रस्तुतियों का श्रवण किया तथा कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति एवं भारतीय परंपरा की समृद्ध विरासत पर व्यापक प्रस्तुतियां हुयी व चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में हिंदी साहित्य और कविता जगत के अनेक महान रचनाकारों का स्मरण करते हुए रामधारीसिह दिनकर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, भारतेन्दु हरिश्चंद्र व महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' को श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास एवं कबीरदास जैसे संत कवियों को भी नमन किया। उन्होंने कहा



कि डबल इन्जन सरकार में देश एवं प्रदेश सांस्कृतिक रूप से निरंतर समृद्ध हो रहा है। उन्होंने इस अभिनव आयोजन के लिए ख्यातिलब्ध कवयित्री कविता तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारतीय संस्कृति एवं साहित्यिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कहा कि यह आयोजन कविता जगत के लिए एक नई क्रांति के समान है। साहित्य का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करती रहेगी। कार्यक्रम में सांसद कानपुर श्री रमेश अवस्थी, विधायक अनिल सिह, पूज्य महन्त राजूदास, (हनुमानगढ़ी अयोध्या) प्रसिद्ध कथावाचक पं0 शिवाकांत, लोकप्रिय हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी सहित अनेक जनप्रतिनिधियो, साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिको की गरिमामयी उपस्थिती रही।

# संक्षेप

## बहु ने सास को लाठी डंडों से पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत दबंग बहू ने सास को कई बार लाठी डंडों से पीटा। पिटने के बाद जान बचाने की जुगत में लगी सास पुलिस के पास आई। पुलिस ने बहू के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।मामला थाना क्षेत्र के ग्राम दइता का है। यहा की निवासिनी प्रेमावती पत्नी श्यामलाल ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहू रीता पत्नी संजय आये दिन प्रताड़ित किया करती है। गन्दी गालियां देने के साथ कई बार लाठी डण्डों से मार चुकी है। शनिवार की शाम 3 बजे उसने हमको लाठी डंडों से बहुत मारा जिससे दाहिने पैर पर चोट आई है। वह जान से मारने की धमकी देने के साथ घर से भगा रही है। इस दबंग बहू ने जीना हराम कर दिया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## आम के बाग में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भिखारी खेड़ा गांव में एक युवक ने आम के बाग में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भिखारीखेड़ा गांव निवासी कमलेश 40 पुत्र मेवालाल ने घर से दो सौ मीटर दूर आम की बाग में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह पेड़ से शव लटकता देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के दो बेटियां करीना, काजल और एक बेटा आयुष है। मृतक की पत्नी नन्हकई समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। बताते है कि मृतक मुंबई में काम करता था और करीब एक महीने से गांव में था। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत अधेड़ की हालत गंभीर

सफीपुर, उन्नाव। थाना आसीवन क्षेत्र के रसूलाबाद सफीपुर मार्ग पर खरगौरा गांव के समीप आंधी में सड़क पर गिरे पेड़ से बचकर निकल रही बाइक में सामने से दूसरी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।हादसे में बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों ने उसे सफीपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसकी गंभीर हालत देख जिला अस्पताल भेज दिया सफीपुर कस्बा के मोहल्ला मियां बाजार निवासी मन्ना (55) पुत्र लल्लू सोमवार को रसूलाबाद रिश्तेदारी में जा रहा था खरगौरा गांव समीप आंधी से सड़क पर गिरे पेड़ से बचकर वह निकल रहा था तभी सामने से दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार मन्ना गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध महिला का जंगल में पड़ा मिला शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब सरोसा गांव के पास जंगल में एक वृद्ध महिला शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान 75 वर्षीय रामदुलारी पत्नी स्वर्गीय बच्चू लाल निवासी शीतल खेड़ा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रामदुलारी रविवार सुबह करीब 11 बजे घर से जंगल मे लकड़ी तोड़ने निकली थीं। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिवार और ग्रामीणों ने आसपास के क्षेत्रों में रातभर तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

सोमवार सुबह गांव के पास जंगल और बाग इलाके में उनका शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची अजगैन कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।

मृतका के चार बेटे हैं– रामकिशन (45), हरिचंद (40), राकेश (38) और बिंदा प्रसाद उर्फ लाला (35) जो गांव में ही खेती किसानी करते है। पिता राजगीर था जिसकी मृत्यु करीब बीस वर्ष पूर्व हो चुकी है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि छोटे बेटे बिंदा प्रसाद उर्फ लाला का अपनी मां से अक्सर रुपये और गहनों को लेकर विवाद होता था। इसी वजह से परिवार ने उस पर हत्या का शक जताया है। कोतवाली निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया अभी तहरीर नही मिली है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस जांच कर रही है।नवाबगंज

अजगैन कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब सरोसा गांव के पास जंगल में एक वृद्ध महिला शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान 75 वर्षीय रामदुलारी पत्नी स्वर्गीय बच्चू लाल निवासी शीतल खेड़ा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रामदुलारी रविवार सुबह करीब 11 बजे घर से जंगल मे लकड़ी तोड़ने निकली थीं। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिवार और ग्रामीणों ने आसपास के क्षेत्रों में रातभर तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

सोमवार सुबह गांव के पास जंगल और बाग इलाके में उनका शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची अजगैन कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।

मृतका के चार बेटे हैं– रामकिशन (45), हरिचंद (40), राकेश (38) और बिंदा प्रसाद उर्फ लाला (35) जो गांव में ही खेती किसानी करते है। पिता राजगीर था जिसकी मृत्यु करीब बीस वर्ष पूर्व हो चुकी है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि छोटे बेटे बिंदा प्रसाद उर्फ लाला का अपनी मां से अक्सर रुपये और गहनों को लेकर विवाद होता था। इसी वजह से परिवार ने उस पर हत्या का शक जताया है। कोतवाली निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया अभी तहरीर नही मिली है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस जांच कर रही है।

# कूड़े के ढेर में जला हुआ मिला अज्ञात महिला का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर को सनसनी फैल गई। हुसैन नगर चौराहे के पास सांवरिया होटल के बगल में एक कूड़े के ढेर से एक युवती का जला हुआ शव बरामद हुआ। इस घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सदर कोतवाली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण शुरू किया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह स्थानीयलोगों ने कूड़े के ढेर से तेज बदबू और धुआं निकलते देखा था। करीब जाकर देखने पर उन्हें एक युवती का बुरी तरह जला हुआ शव मिला। शव इतना जल चुका था कि उसकी पहचान करनासंभव नहीं हो सका। इस खबर के फैलते ही आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या के बाद शव को जलाकर फेंके जाने का प्रतीत हो रहा है। आशंका है कि युवती की पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को आग लगाई गई होगी। पुलिस घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि शव को वहां कब और किसने फेंका। पुलिस ने आसपास के थानों और जिले से गुमशुदा महिलाओं की जानकारी भी जुटानी शुरू कर दी है, जिससे शव की शिनाख्त हो सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर शव मिला है, वह रात के समय अक्सर सुनसान रहता है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि आरोपी देर रात शव को यहां लाकर फेंक गए होंगे। इस घटना के बाद से इलाके में भय और चर्चा का माहौल बना हुआ है। कोतवाली इंस्पेक्टर सीके मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया।

# चलते ट्रक में लगी आग चालक ने कूद कर बचाई अपनी जान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर भुड्डा चौराहे के निकट चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। धुआं और आग की लपटें देख चालक ने आनन फानन ब्रेक लगाकर गाड़ी रोकी और कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी. मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मैनपुरी जिले के किशनी निवासी चालक विनूप चौहान पुत्र श्यामवीर सिंह गाजियाबाद से परचून का सामान लेकर बिहार जा रहा था। मध्य रात करीब 2:00 बजे ट्रक के टायरों से धुआ और चिंगारी निकलने लगी। चालक ने शीशे में आग की लपटें देख तुरंत ट्रक रोक दिया और कूद कर अपनी जान बचाई। देखते देखते आग ने ट्रक के पिछले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने



कडी.मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रक पर लदा अधिकतर परचून का सामान जलकर खाक हो चुका था। चालक ने टायर गर्म होने से आग लगने की आशंका जताई है।

# ऐतिहासिक बजरंगबली की मूर्ति हजारों की संख्या में पहुंचते भक्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के कांथा स्थित बजरंगबली मंदिर का इतिहास काफी पुराना है क स्थानीय वृद्धजनों एवं प्रबुद्धजनों के अनुसार लगभग 150 से अधिक वर्ष पूर्व बजरंगबली की मूर्ति अपने आप धरती से प्रकट हुई क तब यहां पर अंग्रेजों का शासन था तथा स्थानीय स्तर पर तालुकेदारी व्यवस्था कायम थी

तत्कालीन राय साहब के द्वारा हनुमान जी की मूर्ति को उन्होने ऊपर लाकर प्राणप्रतिष्ठा कराने की कोशिश की लेकिन हनुमान जी ने उन्हे स्वप्न दिया कि मुझे मेरे स्थान से न हटाओ और आज भी हनुमान जी की मूर्ति आधी धरती के अंदर और आधी बाहर है जनपद में इस स्तर का ऐतिहासिक एवं पौराणिक मंदिर शायद ही हो मंदिर प्रांगण में आज भी 100 से अधिक कुएं और लगभग 50 से भी अधिक नल मंदिर की गरिमा का गुणगान करते हुए नजर आते हैं क मंदिर में कोई झाड



फूंक नही होती फिर भी हजारों लोग सिर्फ बजरंगबली के दर्शन मात्र पाकर लाभांवित महसूस करते हैं एवं अपनी मनोकामना की पूर्ति सिद्ध पाते हैं

वैसे तो वर्ष भर हर मंगलवार मंदिर प्रांगड़ में मेला लगता है ,परन्तु पावन ज्येष्ठ मास के प्रत्येक मंगलवार को मंदिर प्रांगण में बीसों भण्डारे व अनगिनत स्थानों पर शरबत वितरण होता है और मंदिर में आयी हुई भीड का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि कांथा से मंदिर की दूरी जो कि मात्र 500 मी. है तय करने में लगभग 1 घण्टे का समय लग जाता है ।ग्रामीण व भक्त विपिन दीक्षित गौरव त्रिपाठी , बीरेंद्र सिंह , शानू सिंह , मनोज सैनी अनिल दीक्षित आदि ने बताया कि मंदिर बहुत ही प्राचीन है और जो सच्चे मन से मांग लेता है उसकी हर मुराद पूरी होती है ,कभी कोई भक्त दरबार से निराश होकर नही गया ।मंदिर की महत्ता को देखते हुए क्षेत्रीय विधयाक अनिल सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार से पचास लाख रुपये स्वीकृत करावा के मंदिर प्रांगड़ में लोगो की सहूलियत के लिए मंदिर का विकास करवाया

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।क्षेत्र के फरीदी पुर गांव निवासी नितेंद्र सिंह उर्फ गोलू 24 पुत्र विनोद ने रविवार रात संदिग्ध परिस्थिति में जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन लखनऊ ट्रामा सेंटर ले गए।जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई।मौत की जानकारी होने पर परिजन बेहाल हो गए।मृतक दो भाई है बड़ा भाई हितेंद्र सिंह



उर्फ झालू,मृतक नितेंद्र सिंह उर्फ गोलू दो भाई में छोटा था वही मृतक के एक बहन मधु सिंह है जिनकी शादी हो गई है वही मृतक की माता ममता सिंह का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक हसनगंज में डीके डायग्नोस्टिक सेंटर में काम करता था। मौत के बाद लखनऊ में शव का पोस्टमार्टम होकर गांव पहुंचा जिसे देख गांव में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि ऐसी कोई सूचना अभी परिजनों की तरफ से नहीं मिली है यदि मौत लखनऊ में हुई है तो वहीं पोस्टमार्टम होगा यदि परिजन तहरीर देंगे तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी

# विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से तीन घरों की गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर तहसील क्षेत्र के बिछिया ब्लॉक अंतर्गत पड़री कला गांव के मजरे घना खेड़ा में बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन गिरने से निकली चिंगारी के कारण एक ही परिवार के तीन घर जलकर राख हो गए। इस घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण रातभर आग बुझाने में जुटे रहे।जानकारी के अनुसार, घना खेड़ा निवासी राजेश रावत, पप्पू और बब्लू के मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन में अचानक फॉल्ट हो गया। देर रात लाइन से निकली चिंगारी सीधे घरों पर जा गिरी, जिससे देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में तीनों घर उसकी चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने शोर मचाकर परिवार के लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बाल्टी और पाइप के सहारे आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घरों में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

पीड़ित परिवारों के अनुसार, आग में लगभग 30 कुंतल गेहूं, 10 कुंतल धान और 10 कुंतल सरसों जल गई। इसके अतिरिक्त, घरेलू सामान, कपड़े, बिस्तर और महत्वपूर्ण दस्तावेज भी आग की भेंट चढ़ गए।

पीड़ित परिवारों ने बताया कि वे खेती-किसानी कर अपना जीवन यापन करते हैं और घर में रखा अनाज ही उनकी सालभर की पूंजी था। इस अचानक हुए हादसे से उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद तीनों परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।हादसे की जानकारी मिलने पर स्थानीय राजस्व टीम और विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण बताया है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जर्जर बिजली लाइनें लंबे समय से हादसे को न्योता दे रही हैं। लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब इस घटना के बाद लोगों में बिजली विभाग के प्रति भारी नाराजगी है।

# अनियंत्रित ई रिक्शा पलटा चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार रात एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया हैयह घटना बंगलाखेड़ा-पीपल पौशाला मार्ग पर कनीगांव मोड़ के समीप हुई। पुलिस के अनुसार, चालक ने सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अचानक ई-रिक्शा मोड़ दिया, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया।घायल चालक की पहचान कादिरपुर निवासी अंकित सिंह (24) पुत्र किशोर सिंह के रूप में हुई है। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अंकित को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया।मियागंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर उमर फारूक ने अंकित सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अंकित अपने निजी कार्य से गौरा कला गांव गया था और वापस घर लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ।

# गौरी औंरा गांव के समीप मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

## सिनाख्त के लिए प्रशासन देर शाम तक करता रहा अथक प्रयास

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गौरी औरा के समीप एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला आसपास के लोगों ने देखा तथा ग्राम प्रधान को सूचना दी वही ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस बल थाना चांदपुर को सूचित किया सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने तहकीकात की जहां अज्ञात बुजुर्ग की उम्र लगभग 60 से 70 वर्ष के बीच कद लगभग 5 फीट 6 इंच रंग सांवला दाढ़ी बाल सफेद तथा शरीर में सफेद बनियान ग्रे रंग का लोअर पहना हुए मिला थाना प्रभारी विनोद पटेल ने अज्ञात मृतक की खोजबीन प्रारंभ की आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए सोशल मीडिया में भी अज्ञात शव की फोटो वायरल करते हुए सिंनाख्त करने का भरसक प्रयास किया गया परंतु कल देर शाम तक कोई सिनाख्त नहीं हो पाई वहीं स्थानीय लोगों समेत प्रशासन का अनुमान है कि भीषण गर्मी के चलते बुजुर्ग के साथ यह घटना हो सकती है

# डेंगू से जंगः विशालकाय मच्छर के मॉडल से कर रहे हैं जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम मलयपुर में डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट के सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित और उनके छात्रों ने एक अनोखी पहल शुरू की है। ग्रामीणों को डेंगू के प्रति सचेत करने के लिए साथी शिक्षकों और छात्रों के सहयोग से गांव में डेंगू मच्छर का एक विशालकाय मॉडल घुमाया जा रहा है। यह अनूठा प्रयोग लोगों, विशेषकर बच्चों के आकर्षण और कौतूहल का केंद्र बना हुआ है।शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित की जागरूकता टीम जिसमें उनके साथी शिक्षक मुकेश सचान, वीरेंद्र कुमार, विनय शंकर और छात्र आभास, आयुष, राहुल, नितिन, प्रदीप, आदित्य, कार्तिक आदि डेंगू मच्छर के बड़े मॉडल के माध्यम से ग्रामीणों को सीधे तौर पर समझा रही है कि कैसे एक छोटा सामच्छर उनके स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकता है। अभियान के दौरान शिक्षक आशीष और उनकी टीम ने लोगों को घरों के आसपास पानी जमा न होने देने, कूलर की नियमित सफाई करने और पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने की सलाह दी। ग्रामीणों को बताया गया कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए पानी के बर्तनों को हमेशा ढककर रखें।इस प्रभावी प्रदर्शन का ग्रामीणों पर गहरा असर देखने को मिल रहा है। लोग न सिर्फ इस मॉडल को देखने के लिए जुट रहे हैं, बल्कि बीमारी से बचाव के तरीकों को भी गंभीरता से समझ रहे हैं। प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह ने इस अभियान को अपनी शुभकामनाएं दीं वहीं प्रशासन का मानना है कि इस तरह के रचनात्मक प्रयासों से ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ेगी।

# सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के बिरवार-जमीपुर गाँव के शीतला माता मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन के अंतिम दिन पंडित उत्कर्ष जी द्वारा संगीतमय सुंदर कांड उपरान्त व रुक्मणि विवाह प्रसंग सुनाते हुए प० श्री राजेश रत्न ने बताया रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणि से विवाह किया। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।कथा सुन श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत के साथ नृत्य भी किया। कथा श्रवण में परीक्षित की भूमिका में राजकुमार शुक्ल व उनकी धर्मपत्नी श्यामा देवी ने निभाई। भागवत आरती में रूप नारायण शुक्ला, उदय शंकर शुक्ला, प्रदीप, संतोष शुक्ला, मुन्ना शुक्ला, अरुण शुक्ला, कमलेश पांडेय, दिनेश मिश्रा, आदित्य, जितेंद्र सिंह, श्याम सुंदर पांडेय, दिलीप पांडेय, डब्बू सिंह, हरिनाम सिंह, विक्रांत सिंह, पूनम, संविदा, रश्मि, नेहा, सुशीला, नीलम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# स्प्रेड ए स्माइल मुहिम के तहत पुलिस लाइन विद्यालय में बच्चों को बांटी गई स्टेशनरी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सामाजिक सेवा समिति द्वारा ह्लस्प्रेड ए स्माइलह्व मुहिम के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र में स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।कार्यक्रम में प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम अनूप मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें मेहनत व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों की सहायता के लिए ह्लस्टेशनरी बैंकह्व बनाए जाने की जानकारी भी दी। साथ ही संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।संस्था की अध्यक्ष मंजू लता अवस्थी ने कहा कि हर बच्चे के हाथ में कलम और किताब पहुंचाना समाज को सशक्त बनाने की दिशा में सबसे बड़ी पहल है। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से गरीब और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य कर रही है। संस्था के सदस्य गांव-गांव और परिषदीय विद्यालयों में जाकर जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कॉपी, किताबें, पेंसिल सहित अन्य शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराते हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलती है।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा तथा संस्था की अध्यक्ष मंजू लता अवस्थी, दीपाली मिश्रा, अरुणा तिवारी, डॉ. मनीता सेंगर, नीलम श्रीवास्तव, रीना पाण्डेय, अविता अवस्थी और नुपुर श्रीवास्तव ने बच्चों को पेंसिल, रबर, स्केल, पेंसिल बॉक्स और कॉपियों का वितरण किया।विद्यालय की प्रभारी नुपुर श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की।

# रैली निकाल कर स्व गणना के लिए लोगो को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत चल रही ऑनलाइन स्वगणना अब अपने अंतिम दौर में प्रवेश कर चुकी है नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए कर्मियों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जहां एक ओर उच्चस्तरीय बैठकों का दौर जारी है वही दूसरी ओर भीषण गर्मी की परवाह ना करते हुए जनगणना प्रगणक गाँवों में लोगों को स्व गणना के लिए प्रेरित करते दिखाई दे रहे है इसी क्रम में ग्राम पाल्हेपुर में प्रगणक अमित तिवारी के अगुवाई में स्व गणना हेतु आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाल कर इस राष्ट्रव्यापी कार्य को गति देने की अपील की गईप्रगणक अमित तिवारी ने बताया कि जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े ही जनकल्याणकारी योजनाओं को सही दिशा देने, उन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और प्रदेश के समग्र विकास के लिए मजबूत नीतियाँ बनाने का आधार बनते हैं। जनगणना 2027, डिजिटल और विकसित भारत की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

अमित ने बताया कि साक्षरता दर, रोजगार की स्थिति और लिंगानुपात जैसे आंकड़ों से समाज की वास्तविक स्थिति का पता चलता है, जिससे महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाएं बनती हैंइस दौरान ग्रामीणों द्वारा ₹हमने कर ली स्वगणना-क्या आपने की ₹ और ₹सही जानकारी, सही पहचान-जनगणना है राष्ट्र का मान।₹ जैसे नारे गूंजते रहे बता दे जनगणना 2027 के तहत इक्कीस मई तक https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर आप स्वयं अपने घर बैठे स्व-गणना कर सकते हैं इस दौरान अमित तिवारी, विवेक पाल, संतोषी देवी, धर्मेंद्र, भूप नारायण, राम अवतार, शिव राम, धुनारी, शहंशाह, दुलारे, आदि मौजूद रहे

## सम्पादकीय

# यह महंगाई की शुरुआत लग सकते हैं और झटके

दुनिया के हालातों को देखते हुए समय कठिन है। ऐसे में सरकार भी कुछ चुभने वाले कठिन फैसले ले रही है। ये आम आदमी की नजर में पीड़ादायक हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के हालातों पर नजर डालें तो यह फैसला राहत देने वाला है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। यह बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका असर पूरे आर्थिक ढांचे पर पड़ता है। मालभाड़ा बढ़ने से खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दवाइयों, निर्माण सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम भी बढ़ने लगते हैं। यही कारण है कि लोग इसे महंगाई की नई शुरुआत मान रहे हैं। दरअसल, मौजूदा संकट केवल घरेलू नहीं, बल्कि वैश्विक परिस्थितियों से जुड़ा हुआ है। खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालातों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति और कीमत दोनों को प्रभावित किया है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों में मामूली उछाल भी सीधे देश की अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। यही वजह है कि सरकार को कई बार ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं जो अलोकप्रिय तो दिखते हैं, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए जरूरी माने जाते हैं। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से मुद्रास्फीति पर असर पड़ेगा। मालभाड़ा बढ़ने से रोजमर्रा की सभी चीजें महंगी होंगी। खाड़ी के हालात जल्दी सुधरते नजर नहीं आ रहे। विश्लेषकों का मानना है कि यह महंगाई की शुरुआत है। लोगों को अभी और झटके सहने के लिए तैयार रहना चाहिए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी तेल और गैस पर समझौते के लिए यूएई और नॉर्वे समेत नॉर्डिक देशों के दौरे पर हैं। उम्मीद है कि वहां से अच्छी खबर मिलेगी। भारत नए ऊर्जा साझेदारों की तलाश कर रहा है, ताकि भविष्य में किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम की जा सके। हालांकि आम नागरिक के लिए यह तर्क उतना राहत देने वाला नहीं है, क्योंकि मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के लिए रसोई का बजट संभालना कठिन हो जाता है। निजी वाहन चलाना महंगा पड़ता है, सार्वजनिक परिवहन का किराया बढ़ता है और छोटे व्यापारियों की लागत भी बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों के भीतर असंतोष पैदा होना स्वाभाविक है। वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह भी समझना होगा कि कई बार सरकारों के पास विकल्प सीमित होते हैं। यदि खाड़ी क्षेत्र में तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ेगा। भले ही युद्ध जल्द समाप्त हो जाए, लेकिन आपूर्ति तंत्र को सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। इसलिए मौजूदा समय को एक तरह से "न्यू नॉर्मल" के रूप में देखने की जरूरत है, जहां वैश्विक अस्थिरता का असर सीधे आम जीवन पर दिखाई देगा। इतिहास गवाह है कि हर आर्थिक संकट स्थायी नहीं होता। दुनिया ने महामारी, युद्ध और मंदी जैसे कई कठिन दौर देखे हैं और उनसे बाहर भी निकली है। भारत जैसी मजबूत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में भी चुनौतियों से निपटने की क्षमता मौजूद है। जरूरत धैर्य, संतुलित नीतियों और सामूहिक सहयोग की है। उम्मीद की जानी चाहिए कि वैश्विक हालात जल्द सुधरेंगे, ऊर्जा आपूर्ति सामान्य होगी और महंगाई का दबाव धीरे-धीरे कम होगा। महंगाई की यह आहट आने वाले कठिन दौर का संकेत जरूर है, लेकिन यदि सरकार दूरदर्शिता और जनता संयम के साथ काम करे, तो यह कोहरा भी एक दिन छंट जाएगा और अर्थव्यवस्था फिर से स्थिरता की राह पर लौटेगी।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

न दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी आने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। 15 मई को पेट्रोल- डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इनके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा।

# बढ़ती महंगाई और घटती विकास दर

इन दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी आने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

इस बढ़ती हुई महंगाई से जहां आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन में मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं अर्थव्यवस्था की विकास रफ्तार धीमी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और गैस का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। ऐसे में पश्चिम एशियाई संकट के कारण नागरिकों को यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि वे जहां तक संभव हो, मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। इलेक्ट्रिक कारों और कार पूलिंग को प्राथमिकता दें। साथ ही कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग्स को बढ़ावा दें। देश और दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट के झटकों और वैश्विक अनिश्चितता के लिए खुद को तैयार रखने संबंधी टिप्पणियां करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई का दबाव बढ़ने पर अब नीतिगत रेपो रेट में वृद्धि की कार्रवाई की जानी होगी। यह बात महत्वपूर्ण है कि घटती हुई विकास दर के बीच भी भारत की कई आर्थिक अनुकूलताएं भी दिखाई दे रही हैं। भारत लगातार व्यापार समझौतों के माध्यम से निर्यात बढ़ाने के प्रयास कर रहा है। राजनीतिक स्थिरता के परिदृश्य से भारत पर दुनिया का आर्थिक भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब भारत में देशी-विदेशी निवेश बढ़ने के साथ विदेश व्यापार और सेवा निर्यात का ग्राफ भी बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा। इस समय भारत के द्वारा विकास दर की चुनौती का सामना करने के लिए एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने की जरूरत है। इसके मद्देनजर निर्यातकों को कम या शून्य का लाभ देने के साथ प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के विकसित और विकासशील देश भारत के साथ कारोबार बढ़ाने के मद्देनजर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व अर्थव्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क (जीरो ड्यूटी) सुनिश्चित की गई है। भारत भी न्यूजीलैंड के 95 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क



समाप्त करेगा या कम करेगा। इस एफटीए से अगले 5 वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने में मदद मिलेगी। साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के एफडीआई की प्रतिबद्धता भी जताई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। ये दोनों एफटीए भारत से निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने वाले साबित हो सकते हैं। साथ ही भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए एफटीए का क्रियान्वयन भी भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद होगा। इस एफटीए से दो अरब लोगों का विशाल बाजार बनेगा। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। इस समय मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। कनाडा, इजराइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। यह बात ध्यान रखनी होगी कि अभी अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में जल्दबाजी न की जाए। भारत को अमेरिका के अधिक स्थिर और कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार प्रणाली विकसित करने तक अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर अंतिम फैसले को लेकर इंतजार करना चाहिए। यह बात अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि भारत के द्वारा जितनी कुशलता से व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन पर ध्यान दिया जाएगा, उतने ही अधिक भारत से निर्यात बढ़ सकेंगे। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि विकास दर बढ़ाने के लिए अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करना होगा। पिछले दिनों उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव ने कहा कि नीतिगत सुधारों और आपूर्ति श्रृंखला में बदलावों की मदद से वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आंकड़ा 90 अरब डॉलर के पार जा सकता है। ज्ञातव्य है कि 9 मई को उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक्ष व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) के अधीन काम करने वाली एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया ने कहा कि दुनिया के दस प्रमुख देश भारत में उद्योग-कारोबार के 10 प्रमुख क्षेत्रों में 45 अरब डॉलर के निवेश करने के इच्छुक हैं। ऐसी संभावनाओं को साकार करने के लिए भारत में बंदरगाह, एयरकार्गो, लॉजिस्टिक्स और अन्य निवेश सुविधाएं बेहतर बनाना होगी। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के बीच इस समय जब भारत की विकास दर घटते हुए दिखाई दे रही है, तब अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए हमें बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ कई बातों पर ध्यान देना होगा। अब अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागने के बजाय, भारत को मध्यम अवधि की राजकोषीय और बाह्य स्थिरता को सुरक्षित रखना होगा। लंबित सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। अब भारत का ध्यान सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर होना चाहिए। एआई जैसे उच्च-स्तरीय क्षेत्रों में निवेश, मजबूत डिजिटल अधोसंरचना, और नियामक बाधाओं को बहुपक्षीय प्रयासों के माध्यम से आसान बनाना होगा, जो सीमाओं के पार सेवा निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकें। इस बात की ओर भी ध्यान देना होगा कि भारत का जो निर्यात कुछ ही बाजारों और कुछ ही देशों तक सीमित है, उसे विभिन्न वस्तुओं और अधिक देशों तक विस्तारित किया जाए। इन सबके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा।

## सियासत

योगेश कुमार सोनी



# आम आदमी पार्टी को पुनः स्थापित होने की जरूरत

बीते दिनों आम आदमी पार्टी में आए भूचाल से अंदरूनी खाने पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर पड़ी है। पार्टी के 7 राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। यह घटना आप के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। राज्यसभा में पार्टी के 10 में से केवल 3 सदस्य ही रह गए हैं। यह विषय एक बारगी देशभर में सुर्खियां बन गया था, लेकिन बीते दिनों पांच राज्यों के चुनाव में दब गया। अब फिर इस घटना को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल शुरू हो गई है। मौजूदा स्थिति में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की नींव पूरी तरह हिल चुकी है। जैसा कि सब जानते हैं कि आप की सत्ता का रास्ता दिल्ली से निकला था, उसके बाद उसने देशभर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी और पंजाब का भी किला फतह किया था। जिस स्तर से पार्टी की रफ्तार पकड़ी थी, उससे बहुत कुछ बड़ा हो रहा था और आगे भी भविष्य सुगम नजर आ रहा था, लेकिन भारतीय राजनीति के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि तीन तिहाई सांसद एक साथ दूसरी पार्टी में चले गए। कानून के अनुसार यदि कोई निर्वाचित सांसद स्वेच्छा से अपनी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता छोड़ता है या किसी दूसरी पार्टी में शामिल होता है तो वह सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है। 'स्वेच्छा से सदस्यता छोड़ने' का मतलब सिर्फ इस्तीफा देना ही नहीं, बल्कि दूसरी पार्टी जॉइन करना भी इसी कैटेगरी में आता है। दिल्ली के परिवेश में समझें तो दशकभर राजधानी में राज करके आज आम आदमी पार्टी विपक्ष का किरदार निभा रही है। अब आप की इस स्थिति के बाद जो सांसद विपक्ष में बैठकर पार्टी की आवाज उठाते थे, आज वो बीजेपी के समर्थन में बोल रहे हैं। इससे यह तो स्पष्ट है कि पार्टी चाहे इस पर कुछ भी सफाई दे, लेकिन आंतरिक तौर पर स्थिति कमजोर पड़ गई। इससे अब दिल्ली की राह भी कठिन बन गई है। अगले साल पंजाब में भी विधानसभा चुनाव हैं, इसको भी लेकर पार्टी की चिंता बढ़ी हुई है। बागी सांसदों ने आप का साथ तो छोड़ा ही, लेकिन तुरंत बीजेपी भी ज्वाइन कर पार्टी के अस्तित्व को झकझोर कर रख दिया। इस वजह से जो पार्टी अपनी आक्रामक शैली से चुनाव लड़ने के लिए जानी जाती थी, आज वह बेहद कमजोर सी महसूस कर रही होगी। राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रमजीत साहनी संसद में रचनात्मक तरीके से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते रहे हैं। अब यह सारी आवाजें विपरीत दिशा के साथ निकल रही हैं अर्थात जो सत्ता पक्ष के विपरीत मुखर होते थे, आज वह उनका ही समर्थन कर रहे हैं। भारतीय राजनीति में ऐसी बगावत नई नहीं है लेकिन सवाल है कि जिस पार्टी को स्थापित हुए अभी डेढ़ दशक भी नहीं हुआ, उसके महत्वपूर्ण नेता आखिर दामन क्यों छोड़ते जा रहे हैं? राघव चड्ढा, संदीप पाठक तो पार्टी के शुरुआती दिनों से रणनीतिकार और संगठक रहे हैं। दोनों केजरीवाल के नजदीक भी माने जाते रहे। स्वाति मालीवाल का दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के तौर पर कार्यक्षेत्र तो दिल्ली था पर, बीजेपी शासित राज्यों में हुए कथित महिला अत्याचारों की जांच के लिए भी वह पहुंचती थीं। अब वे भी बगावती हैं। बहरहाल, कई ऐसे मुद्दे हैं जो विधानसभा से ज्यादा लोकसभा में ज्यादा प्रभावी माने जाते हैं जिससे किसी भी राज्य की केन्द्रीय स्तर की समस्या या सुझाव को राष्ट्रीय स्तर समझा जाता है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब आम आदमी पार्टी को बड़े नाम छोड़कर निकले हों। पार्टी के संस्थापकों में शामिल रहे योगेंद्र यादव और मशहूर वकील प्रशांत भूषण को शुरू में ही निकल गए थे। अन्ना आंदोलन में अरविंद केजरीवाल के साथ रहीं पूर्व पुलिस अधिकारी किरण बेदी ने अलग राह चुनी। जेएनयू के प्रोफेसर रहे आनंद कुमार और कैलाश गहलोत समेत कई अलग हो गए। कुमार विश्वास ने पार्टी से दूर रहकर अपनी कवि रूप में पहचान बनाए रखना ही सही समझा। संजय सिंह ने पहले भी बागियों के कडे शब्दों का प्रयोग किया था और इन सातों सांसदों ने पंजाब की पीठ में छुरा घोंपने जैसा काम किया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे एक अच्छी सरकार के कामकाज में बाधा डाल रहे हैं।

# हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित

दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

# सुख शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित

प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की साख पर सवाल

देश में हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में करीब 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इन विद्यार्थियों ने डॉक्टर बनने का सपना साकार करने के लिए वर्षों तक कठिन परिश्रम किया, घर-परिवार से दूर रहकर दिन-रात पढ़ाई की और अपने भविष्य को संवारने के लिए हरसंभव त्याग किया। लेकिन परीक्षा समाप्त होते ही पेपर लीक की खबरों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। जांच एजेंसियों के लगातार खुलासों से यह स्पष्ट हो गया कि प्रश्नपत्र बड़े पैमाने पर और सुनियोजित तरीके से लीक किए गए थे।

- सांकेत जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### ज्ञान जीवन की पूंजी



ज्ञान जीवन की ऐसी पूंजी है, जिससे बड़े से बड़े लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। ज्ञान हमें अज्ञान के अंधकार से निकालकर सफलता और आत्मविश्वास की ओर ले जाता है। विद्वान की विश्व में प्रशंसा होती है, विद्वान का सर्वत्र सम्मान होता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सुखदेव की जयंती



अमर क्रांतिकारी सुखदेव की जयंती पर मैं उन्हें नमन अर्पित करता हूं। अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान के प्रतीक सुखदेव ने अपना पूरा जीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया, स्वतंत्रता को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### डॉ. केतन को नमन



गोवा से हमारे युवा कांग्रेस नेता डॉ. केतन भाटिकर के असामयिक निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। वे एक प्रख्यात फिजियोथेरेपिस्ट थे, जिन्होंने निष्ठा और दृढ़ विश्वास के साथ जनता की सेवा की। उनके परिवार, मित्रों और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### प्रबुद्ध समाज का सम्मान



भारत ने हमेशा अपने प्रबुद्ध समाज का सम्मान किया है। देश, समय और परिस्थितियों के अनुरूप समाज को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में हमारे प्रबुद्ध नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

## करंट अफेयर

# हंता वायरस प्रभावित छह यात्री आस्ट्रेलिया पहुंचे



हंता वायरस की चपेट में आए एक क्रूज जहाज के छह यात्री शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे, जहां उन्हें कम से कम तीन सप्ताह तक पृथक-वास में रहना होगा। नीदरलैंड से इन्हें लेकर आया 'गल्फस्ट्रीम लॉन्ग-रेंज बिजनेस जेट' पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य की राजधानी पर्थ के बाहर स्थित 'आरएएएफ बेस पियर्स' पर उतरा। यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को नजदीकी 'बुल्सब्रुक' पृथक-वास केंद्र में स्थानांतरित किया जाना था। ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने बृहस्पतिवार को कहा था कि सरकार इस वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए दुनिया के किसी भी हिस्से की तुलना में सबसे मजबूत पृथक-वास व्यवस्थाओं में से एक लागू करेगी।

## ऑफ बीट

# अब वेबसाइटें बार-बार क्यों मांगती है कैप्चा



आप किसी लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम के टिकट बुक करने की कोशिश कर रहे हैं और लिंक पर क्लिक करते ही भुगतान से पहले आपसे छोटे-छोटे धुंधले चित्रों के समूह में ट्रैफिक लाइट, साइकिल या ज़ेब्रा क्रॉसिंग पहचानने को कहा जाता है। बहुत से लोगों के लिए यह अब रोजमर्रा की ऑनलाइन जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। वित्तीय ऐप में लॉग इन करना, ऑनलाइन खरीदारी करना या नया खाता बनाना अब अक्सर ''यह साबित करने'' से जुड़ गया है कि आप मानव हैं। इन प्रणालियों को 'कैप्चा' (सीएपीटीसीएचए) कहा जाता है। सवाल यह है कि ये अब हर जगह क्यों दिखाई देने लगी हैं? इसका सीधा जवाब यह है

## संक्षेप

### सर्राफा कारोबार पर कोई रोक नहीं

**डीएम-एसपी ने दूर की भ्रांतियां, कहा- अच्छा जीवन जीने के लिए बचत जरूरी**

अमेठी , सर्राफा कारोबार को लेकर फैली भ्रांतियों और आशंकाओं को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सवरणन टी ने स्पष्ट किया कि सोने के व्यवसाय पर कोई प्रतिबंध नहीं है।यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अमेठी सरार्फा एसोसिएशन के पदाधिकारियों और दुकानदारों के साथ आयोजित की गई। इसमें जीएसटी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य सोने के व्यवसाय से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना था। सरार्फा कारोबारियों ने अपनी समस्याएं और आशंका प्रशासन के सामने रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान ने साफ तौर पर कहा कि सोने के व्यवसाय और आभूषणों पर किसी भी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।उन्होंने दोहराया कि न तो सरकार और न ही स्थानीय प्रशासन ने सरार्फा कारोबार पर कोई रोक लगाई है।हालांकि, डीएम ने व्यापारिों से अपील की कि वे ठोस सोना, बिस्किट या ब्रिक्स के रूप में खरीदने से बचें। उन्होंने कहा कि विश्व के मौजूदा हालात को देखते हुए पहले से तैयार रहना आवश्यक है।डीएम ने भारतीय परिवारों में बुजुर्गों से मिली सीख का हवाला देते हुए कहा कि अच्छा जीवन जीने के लिए अधिक से अधिक बचत करना महत्वपूर्ण है।इसी उद्देश्य को लोगों के साथ साझा किया गया है।बैठक के बाद सरार्फा कारोबारियों ने प्रशासन के आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तरह उनके साथ है और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। बैठक में जिले के प्रमुख सरार्फा व्यापारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अमान्य स्कूल पर प्रशासन की कार्रवाई, 100 बच्चों का नामांकन

**अमेठी में कक्षाओं को सील कर बंद कराया गया**

अमेठी, जनपद में बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है।गौरीगंज तहसील के नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी और खंड शिक्षाधिकारी गौरीगंज की संयुक्त टीम ने अमान्य विद्यालय अमेठी हाईट्स पब्लिक स्कूल, पचेहरी, गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया।जांच में विद्यालय बिना मान्यता के संचालित पाया गया, जिसके बाद कक्षाओं को सील कर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज अर्जुन सिंह ने बताया कि विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रद्धा बरनवाल ने जांच टीम को जानकारी दी कि विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 5 तक लगभग 100 बच्चों का नामांकन था।निरीक्षण के समय विद्यालय खुला था, लेकिन बच्चों की आयु के अनुरूप कक्षाओं का संचालन और मानक व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई।प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चों के हितों को ध्यान में रखा। उनके नामांकन को निकटवर्ती परिषदीय विद्यालयों जैसे प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय गौरीगंज प्रथम और प्राथमिक गौरीगंज द्वितीय में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए।

# लखीमपुर सड़क हादसे में बहराइच के सात लोगों समेत दस की मौत

## ट्रक और मैजिक की आमने-सामने भिड़ंत, परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। लखीमपुर-नानपारा मार्ग पर सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बहराइच के सात लोगों समेत कुल दस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक और मैजिक वाहन की आमने-सामने हुई भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि मैजिक में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।हादसा सोमवार सुबह करीब सात बजे लखीमपुर खीरी जिले की धौरहरा तहसील के ईसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अदलीसपुर के मजरा भरेहटा के पास हुआ। पुलिस के अनुसार मैजिक वाहन संख्या यूपी 31 एटी 0449 और ट्रक संख्या यूपी 14 एचटी 5176 के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना के समय मैजिक में कुल दस लोग सवार थे। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।राहगीरों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां आठ पुरुष और दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया।काफी देर तक शवों की पहचान नहीं हो सकी, बाद में पुलिस ने परिजनों की मदद से सभी मृतकों की शिनाख्त कर सूचना उनके घरों तक पहुंचाई।इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। हादसे की सूचना मिलते ही लखीमपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल तथा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। हादसे में मृतकों में बहराइच जिले के थाना मोतीपुर क्षेत्र के मनगौढ़िया निवासी जयवीर सिंह (25) पुत्र पेशकार सिंह, मिहींपुरवा निवासी राजेश गोयल (45) पुत्र मनीलाल गोयल, कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के ककरहा निवासी सहजराम (35) पुत्र छोटे निषाद, पवन कुमार राजभर, व सोहन पुत्रगण संतोष राजभर निवासी रामवचन पुरवा, पप्पू गौतम (18) पुत्र दूलन गौतम निवासी देवदत्तपुर थाना खैरीघाट तथा मिहींपुरवा ब्लॉक के रायबोझा स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका गायत्री वैश्य पत्नी रमेश चंद्र निवासी विजय लक्ष्मी नगर, सीतापुर शामिल हैं। अन्य तीन मृतक लखीमपुर क्षेत्र के बताए जा रहे हैं।हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के घरों में कोहराम मच गया।पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार और जर्जर वाहनों के संचालन पर सवाल उठाते हुए परिवहन विभाग और संबंधित प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई है।

# भीषण गर्मी में बरतें सावधानी, लापरवाही पड़ सकती है भारीः डॉ. सर्वेश शुक्ला

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच, संवाददाता।जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को लेकर जिले के वरिष्ठ सर्जन, बद्री प्रसाद मेमोरियल हॉस्पिटल के संस्थापक एवं एसकेएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस सबलापुर के चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला (सर्जन) ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।उन्होंने कहा कि गर्मी और लू को हल्के में लेना जानलेवा साबित हो सकता है, इसलिए समय रहते बचाव बेहद जरूरी है।डॉ. सर्वेश शुक्ला ने बताया कि तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।उन्होंने दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक बेवजह घर से बाहर न निकलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पीना, ओआरएस, नींबू पानी और तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए।हल्के व सूती कपड़े पहनें तथा धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को ढककर रखें।बाहर का बासी व तला-भुना भोजन खाने से बचना चाहिए।डॉ. सर्वेश शुक्ला ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, चक्कर, अत्यधिक पसीना या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें और लापरवाही न करें।

गर्मी से बचाव के पांच उपाय

भरपूर पानी और तरल पदार्थ लें।

दोपहर की तेज धूप से बचें।

सूती व हल्के कपड़े पहनें।

सिर और चेहरे को ढककर निकलें।

कमजोरी या चक्कर आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

डॉ. सर्वेश शुक्ला की अपील

गर्मी और लू को नजरअंदाज न करें। सावधानी ही बचाव है, इसलिए अपने साथ परिवार के बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

# सरकारी रोडवेज बस ने मोटरसाइकिल सवार को मारी जोरदार टक्कर

**युवक की अस्पताल ले जाते रास्ते में हुई मौत**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़ोनी निवासी मृतक अंकित कुमार पुत्र बोदर रामनरेश उम्र लगभग 26 वर्षअपनी मोटरसाइकिल up40/BK/ 1423 से अपने भाई की ससुराल राम गांव थाना अंतर्गत लाला पुरवा जा रहा था कि बहराइच कोतवाली के पुलिस चौकी बेडनापुर के निकट आ रही रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि स्प्लेंडर प्लस गाड़ी चकनाचूर हो गई। घटना की सूचना चौकी प्रभारी बेड़नापुर को दी गई।चौकी प्रभारी तत्काल दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायल को एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भिजवाया लेकिन घायल को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई।हादसा उस समय हुआ जब सीतापुर से बहराइच आ रही रोडवेज बस संख्या 3542 बेड़ना पुर के पास पहुंची।टक्कर इतनी भीषण थी गाड़ी चकनाचूर हो गई और युवक के हाथ पैर और सर पर काफी चोटें आई कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक अंकित के पास से मिले आधार से सूचना कैसरगंज पुलिस को दी। कैसरगंज पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई जिससे उसका पता लग सका। सूचना पाते ही गांव में कोहराम मच गया।

# बच्ची हत्याकांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार /आर एन तिवारी



शिवपुर, बहराइच। पुलिस हिरासत से फरार होने के बाद इमामगंज बंधे पर खैरीघाट पुलिस से हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में लगी गोली, इलाज जारी। ज्ञातब्य हो कि बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र में मासूम बच्ची की हत्या के आरोपी को रविवार रात पुलिस मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए सीएचसी शिवपुर भेजा गया।जानकारी के अनुसार 15 मई 2026 की देर शाम मथुरा गांव निवासी मेवालाल ने अपनी नातिन के घर से गायब होने की सूचना खैरीघाट थाने में दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी। अगले दिन 16 मई को बच्ची का शव मक्के के खेत में बरामद हुआ। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जांच के दौरान मैनुअल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर अरुण पुत्र छोटेलाल निवासी मथुरा की घटना में संलिप्तता सामने आई।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की।पूछताछ में आरोपी ने घटना के दिन पहने गए कपड़े छिपाने की बात बताई।बरामदगी के लिए ले जाते समय रविवार शाम करीब सात बजे आरोपी अलीनगर क्षेत्र से पुलिस हिरासत से फरार हो गया।इसके बाद पुलिस टीमों द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। रात करीब नौ बजे सोबतिया मोड़ इमामगंज बंधे पर चेकिंग के दौरान आरोपी अरुण का सामना पुलिस से हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई।घायल आरोपी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर भेजा गया।पुलिस ने आरोपी के पास से एक 12 बोर का तमंचा भी बरामद किया है। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।वही बच्ची के पिता सहित परिजनों का दुख असहनीय है, रो रो कर उनका काफी बुरा हाल है।

# ग्राम प्रधानो ने कार्यकाल बढ़ाने की उठाई मांग, दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र में ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी नवाबगंज कों सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से प्रधान संघ अध्यक्ष नें समय से पंचायत चुनाव कराये जाने, तय समय पर चुनाव न होने की स्थिति में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने एवं ग्राम पंचायतो में प्रशासक की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग की।बीडीओ नवाबगंज प्रतिनिधि ने प्रधानों को उनकी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का भरोसा दिया। सोमवार ब्लॉक अध्यक्ष आनंद पाठक के नेतृत्व में ब्लॉक के दर्जनों प्रधान लामबंद होकर विकास खंड नवाबगंज (बाबागंज) कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में बताया गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत में वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यालय 26 मई 2026 कों समाप्त हो रहा है।उन्होंने जोर दिया कि निर्वाचित प्रधानों का कार्यकाल पंचायत चुनाव संपन्न होने तक बढ़ाया जाना चाहिए।इससे विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे और ग्रामीण जनता का विश्वास भी बना रहेगा। इस सम्बन्ध में ब्लॉक अध्यक्ष श्री पाठक नें बताया कि संगठन की मांग है कि पंचायत चुनाव समय से कराए जाएं।यदि किसी संवैधानिक कारण से चुनाव संभव नहीं है, तो ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए अथवा उन्हें ही प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी जाए।उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए अधिकांश विकास कार्यों का भुगतान अभी तक लंबित है, जिसे जल्द जारी किया जाना चाहिए।इस मौके पर प्रधान संगीता, योगेंद्र प्रसाद, हाजी मोहम्मद अनवर, मो रिजवान, प्रीति, सोहराब, केशवराम, राम किशुन, सुरेश कुमार, आसिया बेगम, ताजखान सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित रहे।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच।महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई 2026 को आयोजित होने वाले विजय उत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंच स्थल, स्टाल व वीआईपी गैलरी, पार्किंग, आवागमन के रास्ते तथा कार्यक्रम में लगने वाले विभिन्न स्टालों के लिए ब्लाकवार ले-आउट प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कराये जाने के भी निर्देश दिये।

# रुपईडीहा में चरमराई विद्युत व्यवस्था, लो-वोल्टेज और हाई-वोल्टेज से लोग परेशान

## कई घरों के इलेक्ट्रिक उपकरण फुंके, बैंक का मीटर भी जला

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा में इन दिनों विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। गर्मी की शुरूआत होते ही बिजली की आंख-मिचौली और लो-वोल्टेज की समस्या ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दिनभर बिजली के आने-जाने का सिलसिला जारी रहता है, जबकि सप्लाई मिलने पर भी वोल्टेज इतना कम रहता है कि पंखे धीमी गति से चलते हैं।वहीं कई बार अचानक हाई-वोल्टेज आने से लोगों के घरों के इलेक्ट्रिक उपकरण जल जा रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार रात कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में वोल्टेज की स्थिति बेहद खराब रही। कुछ क्षेत्रों में वोल्टेज 30 से 40 तक पहुंच गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में रात गुजारनी पड़ी।वहीं स्टेशन रोड स्थित ट्रांसफार्मर से जुड़े इलाकों में अचानक हाई-वोल्टेज सप्लाई होने से कई घरों के बिजली उपकरण फुंक गए।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्टेशन रोड पर स्थित एचडीएफसी बैंक का मीटर तेज आवाज और धुएं के साथ जलने लगा।बैंक के पास रहने वाले एक गल्ला व्यापारी ने बताया कि हाई-वोल्टेज के चलते उनके घर के कई इलेक्ट्रिक सामान खराब हो गए।

नगर पंचायत रुपईडीहा के सभासद एवं भाजपा नेता रतन अग्रवाल ने भी बताया कि अचानक आए हाई-वोल्टेज से उनके घर के पंखे सहित अन्य उपकरण जल गए। वहीं घसियारन टोला क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रातभर कई बार वोल्टेज 30 से 40 तक पहुंचता रहा और बिजली कभी कम तो कभी ज्यादा होती रही।

भीषण गर्मी के बीच खराब विद्युत व्यवस्था से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।कस्बे के कई लोगों ने दबे शब्दों में आरोप लगाया कि नए जेई साहब के आने के बाद से विद्युत व्यवस्था और अधिक बदहाल हो गई है।इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत सहाबा शंभू दयाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कई बार फोन करने के बावजूद उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मई माह में ही यदि बिजली व्यवस्था इतनी दयनीय है तो आने वाले जून-जुलाई की भीषण गर्मी में स्थिति और भयावह हो सकती है।जिले के आला अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

# कुंभ एक्सप्रेस में प्रतिबंधित कछुओं के साथ तस्कर गिरफ्तार

**आरोपी के बैग से 70 किलो इंडियन सॉफ्ट शेल टर्टल बरामद**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , रेलवे सुरक्षा बल ने कुंभ एक्सप्रेस में प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं की तस्करी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से करीब 70 किलो वजन के चार प्रतिबंधित कछुए बरामद किए गए हैं।गिरफ्तार आरोपी की पहचान जय निवासी भैंसुवा गांव, हनुमानगंज क्षेत्र, सुलतानपुर के रूप में हुई है।पूछताछ में उसने कछुओं की तस्करी करने की बात स्वीकार की है।

### दो बैगों से मिले चार प्रतिबंधित कछुए

कार्रवाई निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर की गई। ट्रेन पहुंचने के बाद आरपीएफ ने युवक की तलाशी ली। उसके पास मौजूद दो बैगों से चार प्रतिबंधित कछुए बरामद हुए। इसके बाद आरपीएफ ने आरोपी को हिरासत में लेकर वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने कछुओं को अपने कब्जे में ले लिया।

### इंडियन सॉफ्ट शेल टर्टल प्रजाति के हैं कछुए

ज्योतिर्मय शुक्ला ने बताया कि बरामद सभी कछुए प्रतिबंधित प्रजाति ह्यइंडियन सॉफ्ट शेल टर्टल हैं। शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपी इन कछुओं को पश्चिम बंगाल ले जा रहा था। वन विभाग अब न्यायालय से अनुमति लेकर कछुओं को सुरक्षित नदी में छोड़ने की तैयारी कर रहा है।वन्यजीव तस्करी नेटवर्क की जांचआरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। उसके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले 11 अप्रैल को भी निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर चार लावारिस बैगों से 13 कछुए बरामद किए गए थे।

# वाटर पार्क में गुटखा खाने को लेकर विवाद

**दो पक्षों में मारपीट, युवक घायल; पीड़ित पक्ष ने कार्रवाई न होने का लगाया आरोप**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , कुंडा कोतवाली क्षेत्र स्थित माझिलगांव के आरएल वाटर पार्क में गुटखा खाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें गुर्जर गांव के कुछ युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गुर्जर गांव के कुछ युवक वाटर पार्क घूमने आए थे।इसी दौरान गुटखा खाने को लेकर उनकी कुछ लोगों से कहासुनी हो गई।आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।मारपीट में एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं।घायल युवक ने मामले की शिकायत कुंडा कोतवाली पुलिस से करते हुए तहरीर दी है।पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप पीड़ित पक्ष का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# रील बनाने को लेकर दो पक्ष भिड़े

**बच्चों के विवाद में चले पत्थर, गर्म सब्जी पैर पर गिरने से किशोरी झुलसी; 6 से ज्यादा घायल**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , रानीगंज थाना क्षेत्र के बालीपुर गांव में रील बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया।देखते ही देखते मामला पथराव में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों के छह से अधिक लोग घायल हो गए। घटना देर रात करीब 10 बजे की है।जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बच्चे घर के पास खेल रहे थे।कुछ बच्चे सड़क पर खड़े होकर रील बना रहे थे या देख रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। धीरे-धीरे विवाद बड़ों तक पहुंच गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ।दोनों पक्षों के कई लोग घायल्घायलों में एक पक्ष से पतरकी (50), ताज अली (14), शहबाज अली (15) और ऑफिसर अली (30) शामिल हैं।वहीं दूसरे पक्ष से शमशेर अली (50) और सलीम (26) घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अलग-अलग एम्बुलेंस से रानीगंज ट्रामा सेंटर भेजा। पत्थर लगने से किशोरी झुलसीघटना स्थल के पास रहने वाले वाजिद अली की 13 वर्षीय बेटी चूल्हे पर सब्जी बना रही थी।विवाद के दौरान वह बर्तन घर के अंदर ले जा रही थी, तभी किसी पक्ष का पत्थर उसके खाने वाले बर्तन पर जा गिरा।इससे गर्म सब्जी उसके पैर पर गिर गई और वह झुलस गई।उसे भी उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया ।मौके पर पुलिस बल तैनातपुलिस का कहना है कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षेप

### अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**30 तमंचे बरामद, छापेमारी के दौरान असलहा फैक्ट्री का खुलासा**

बागपत , पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बड़ौत कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 30 तैयार तमंचे, बड़ी संख्या में अधबने हथियार और उन्हें बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार ने बताया कि आरोपी नहर की पटरी के पास एक खंडहरनुमा इमारत में अवैध हथियारों का निर्माण कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलीम, फरमान और शोएब के रूप में हुई है। सलीम मेरठ के सरूरपुर क्षेत्र का निवासी है, जबकि फरमान और शोएब चांदीनगर क्षेत्र के पांची गांव के रहने वाले हैं। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।25 हजार रुपये का नकद इनामपुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि ये हथियार कहां सप्लाई किए जा रहे थे और इस गिरोह में कौन-कौन लोग शामिल हैं। एसपी ने बताया कि मौके से एक अभियुक्त फरार हो गया है, जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की है।

### स्वास्थ्य विभाग ने बागपत में नर्सिंग होम सील किया

**विराट नर्सिंग होम में बिना डॉक्टर मरीजों का इलाज, कागजात भी नहीं मिले**

बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित विराट नर्सिंग होम को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर की गई, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।नर्सिंग होम में बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के मरीजों को भर्ती किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई भी विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ. विकास राजपूत और पुलिस बल के साथ नर्सिंग होम पहुंची। टीम ने अस्पताल स्टाफ से बातचीत की, लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और न ही आवश्यक कागजात प्रस्तुत कर सके। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य संबंधी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त न करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में, प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया गया।

### सुबह से ही झुलसाने लगी गर्मी और लू

**मौसम वैज्ञानिक बोले- अभी और बढ़ेगा तापमान, स्वीमिंग पूल में बढ़ी भीड़**

मेरठ ,मई का महीना आधा होते ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शनिवार सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया।मौसम विभाग के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो सकती है और लू का असर भी तेज रहेगा।सुबह 8 बजे के बाद ही सड़कों पर गर्मी का असर साफ दिखाई देने लगा।

# उप मुख्यमंत्री ने प्रयागराज स्थित पारद चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में किए दर्शन-पूजन

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराजः19 मई 2026 । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को प्रयागराज स्थित स्वामी भजनानन्द मृत्युंजय धाम में अवस्थित पारद चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों एवं समस्त देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो तथा समस्त जगत का कल्याण हो, यही प्रार्थना है।तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने महामंडलेश्वरस्वामी शारदानन्द जी महाराज के स्मृति चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके आध्यात्मिक एवं सामाजिक योगदान को स्मरण किया।उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं का आशीर्वाद समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है तथा भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

# समाजवादी पार्टी के मूल आधार है सम्मानित कार्यकर्ता - सांसद नरेश उत्तम पटेल

**समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मानित हुए पदाधिकारी**

अमन लेखनी समाचार




बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत समाजवादी पार्टी के नेता महेंद्र बहादुर सिंह उर्फ बच्चा सिंह तथा समाजवादी पार्टी के नेता फौजी धर्मपाल पटेल द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया बिंदकी विधानसभा के खिदिरपुर गांव के समीप भवानीपुर मार्ग के किनारे कल आयोजित कार्यकर्ता महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान सांसद नरेश उत्तम पटेल का समर्थकों ने भव्य स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप यादव तथा संचालन सपा कार्यकर्ता जितेंद्र पासवान द्वारा किया गया वहीं मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर कार्यक्रम में मौजूद सेक्टर प्रभारी बूथ अध्यक्ष समेत सभी कार्यकताओं को माल्यार्पण अंग वस्त्र भेंट करते हुए ओजस्वी संबोधन प्रस्तुत किया मुख्य अतिथि नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि बूथ अध्यक्ष समाजवादी पार्टी की आधारभूत शिला है जिसमें पार्टी का एक छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी महत्वपूर्ण है इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य गणेश वर्मा अनुरुद्ध यादव कमलेश वर्मा रामबाबू यादव इरफान प्रमोद कुशवाहा सुरेंद्र सिंह परिहार शिवम यादव समेत भारी संख्या में पार्टी समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

# गौरी औरा गांव के समीप मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

**देर शाम हुई शिनाख्त प्रशासन ने भेजा मचुर्री हाउस**

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गौरी औरा के समीप एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला आसपास के लोगों ने देखा तथा ग्राम प्रधान को सूचना दी वही ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस बल थाना चांदपुर को सूचित किया सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने तहकीकात की जहां अज्ञात बुजुर्ग की उम्र लगभग 60 से 70 वर्ष के बीच कद लगभग 5 फीट 6 इंच रंग सांवला दाढ़ी बाल सफेद तथा शरीर में सफेद बनियान ग्रे रंग का लोअर पहना हुए मिला थाना प्रभारी विनोद पटेल ने अज्ञात मृतक की खोजबीन प्रारंभ की आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए सोशल मीडिया में भी अज्ञात शव की फोटो वायरल करते हुए सिंनाख्त करने का भरसक प्रयास किया गया वहीं कल देर शाम सिनाख्त हो पाई जहां परिजनों ने सिनाख्त करते हुए बताया कि बुजुर्ग जवाहर अली पुत्र इमाम अली गांव का ही निवासी है तथा बुजुर्ग को मिर्गी दौड़ा जैसी बीमारी पूर्व काल से ग्रसित किए हुए थी उसी के प्रभाव से तथा भीषण गर्मी के कारण यह हादसा हुआ प्रशासन ने पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# वलीमे की दावत में फायरिंग करने वाले बदमाशों से मुठभेड

**मासूम समेत तीन को मारी थी गोली, 25 हजार के दो इनामी समेत तीन बदमाश गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लोहिया नगर क्षेत्र स्थित कमेला रोड पर मौजूद स्टार हेरीटेज मंडप में वलीमा की दावत के दौरान दो युवकों और एक मासूम को गोली मारने वाले बदमाशों से लोहिया नगर, परतापुर पुलिस और स्वाट टीम की मुठभेड़ हो गई।शनिवार तड़के लोहिया नगर पुलिस और स्वाट टीम बजट अंडरपास के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक संदिग्ध हालत में आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों की गोली लगने से हेड कांस्टेबल मोहित कुमार घायल हो गए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें दो बदमाश जुनैद उर्फ काला और हारीश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी फरार हो गया। इसके बाद कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे जिले में अलर्ट जारी किया गया। अलर्ट के बाद परतापुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान फरार बदमाश सुहेल को घेर लिया। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुहेल भी गोली लगने से घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने तीनों बदमाशों के कब्जे से तीन अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बताया गया है कि जुनैद उर्फ काला और सुहेल पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। दरअसल लोहिया नगर क्षेत्र के कमेला रोड स्थित स्टार हेरिटेज मंडप में 12 मई को लिसाड़ी गेट इलाके की खेड़े वाली मस्जिद के पास के रहने वाले फैजान का वलीमे का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते लिसाड़ी गेट के बुनकर नगर के रहने वाला सुहेल, जुनैद उर्फ काला और उनके साथी हथियार लेकर मंडप में घुस गए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। बदमाशों ने करीब 10 राउंड गोलियां चलाईं, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई थी।

# लूटपाट का वांछित आरोपी हुआ गिरफ्तार

**प्रशासन ने दूसरे प्रांत से गिरफ्तार कर किया कार्यवाही**

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। खखरेरु थाना क्षेत्र अंतर्गत कनपुरवा नहर पुलिया के समीप के पास से कुछ अज्ञात लुटेरों ने पीड़ित राघवेंद्र राज सिंह पुत्र त्रिभुवन राज सिंह निवासी सोथरापुर थाना खखरेरू को तमंचा लगाकर मोबाइल खींचते हुए जबरन पासवर्ड पूछा तथा 73800 ट्रांसफर करते हुए मोटरसाइकिल खींच लिया था वही पीड़ित को किसी से कुछ ना बताने की धमकी देते हुए लुटेरे भाग खड़े हुए पीड़ित के शिकायती पत्र के अनुसार थाना खखरेरू में कार्यवाही की गई वहीं उपनिरीक्षक प्रशांत मिश्रा ईश्वरचंद्र महेंद्र प्रसाद पाण्डेय तथा अन्य आरक्षी गणों ने मिलकर विगत दिवस 17 मई को 25000 के इनामिया वांछित अभियुक्त 28 वर्षीय कन्हैया सहरिया पुत्र गया प्रसाद सहरिया निवासी बरखेड़ा लायरा थाना कुरवाई विदिशा मध्य प्रदेश से उसके निज निवास से गिरफ्तार किया जानकारी लेने पर थाना प्रभारी विद्याप्रकाश सिंह ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना खखरेरू लाया गया वहीं अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया

# पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काट डाला

**थाने पहुंचकर बोला- घर में लाश पड़ी है, मैंने हत्या की, गिरफ्तार कर लो**

अमन लेखनी समाचार


उर्मिला, मृतक

गाजियाबाद ,80 साल के बुजुर्ग ने 72 साल की पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। उसके सिर- गर्दन और कंधे पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ कई वार किए। जब पत्नी की मौत हो गई तो थाने पहुंचा। पुलिस से कहा कि मैंने अपनी पत्नी की हत्या की है। घर में लाश पड़ी है, मुझे गिरफ्तार कर लो। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी हुई। पुलिस उसे पकड़कर घटना स्थल पर पहुंची। कमरे में चारपाई पर उसकी पत्नी का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस उसकी पत्नी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। वहां डॉक्टरों ने बताया कि उसकी पहले ही मौत हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पता चला है कि पत्नी से उसका अक्सर झगड़ा होता था। उसके बाद उसने ये कदम उठाया। घटना शनिवार सुबह गाजियाबाद मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर मुरादनगर थाना क्षेत्र की है।

थाने पहुंचकर पुलिस को दी पत्नी की हत्या की जानकारी

हरपाल रावली कला गांव का रहने वाला है। वह सुबह करीब 5 बजे चौकी रावली पहुंचा। वहां पुलिस को बताया कि मैंने पत्नी उर्मिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी है। उसकी बात सुनते ही पुलिस हरकत में आई। उसे लेकर घटना स्थल पर पहुंची।वहां देखा तो उर्मिला की लाश चारपाई पर खून से सनी हुई पड़ी थी। फर्श पर खून फैला था। पुलिस ने फौरन फॉरेंसिक टीम को बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने सैंपल लिया। उसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बेटी और दामाद मेरठ गए थे

हरपाल ने पूछताछ में बताया- वह अपनी बेटी कंचन, दामाद और दो नाती कुणाल और अजय के साथ उनके घर रहता है। उसका पत्नी से अक्सर झगड़ा होता रहता है। शुक्रवार को भी उसका पत्नी से झगड़ा हुआ था। बेटी और दामाद उस वक्त घर में नहीं थे।किसी काम से मेरठ गए थे। रात में वह पत्नी उर्मिला और दो नाती के साथ घर में सोया था। सुबह में उसने 4:30 बजे के करीब कुल्हाड़ी से पत्नी पर ताबड़तोड़ कई बार वार किए। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के समय दोनों नाती सो रहे थे। इसलिए उन्हें घटना की जानकारी नहीं हुई।नाती बोला- नाना ने ही नानी को मारा है नाती ने पुलिस को बताया- मेरे नाना की दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही है। नानी और नाना आपस में अक्सर झगड़ा करते रहते हैं।

# 'हमारी भूल, कमल का फूल'

**सेंट्रल मार्केट पर महिलाओं ने लगाए नारे, हनुमान चालीसा का किया पाठ**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, शास्त्रीनगर क्षेत्र के सेक्टर-2 और सेक्टर-4 में भी महिलाओं का धरना प्रदर्शन जारी रहा। सेंट्रल मार्केट पर तेज गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं धरना स्थल पर पहुंचीं और आवास विकास परिषद के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए अपनी नाराजगी जताई। महिलाओं ने 'हमारी भूल, कमल का फूल' के नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया और सेटबैक वापस लेने की मांग दोहराई। धरना स्थल पर जुटीं महिलाओं का कहना है कि सेटबैक वापस लेने की मांग को लेकर पिछले कई माह से लगातार आवाज उठाई जा रही है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। गर्मी के बावजूद महिलाएं लगातार सेंट्रल मार्केट के लिए धरने पर बैठकर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।तेज धूप में बैठी महिलाओं ने साफ तौर पर स्पष्ट किया कि हमने अपनी मांग बताई हुई है, जिस दिन हमें इस बात का कोई लिखित आश्वासन मिल जाएगा कि हमारे मकान सेटबैक के तहत नहीं टूटेंगे उसी दिन हम अपना धरना समाप्त कर देंगे। दोनों जगह पर महिलाओं ने यही कहा कि हमें सरकार पर तो भरोसा है लेकिन हम धरना खत्म लिखित आदेश के बाद ही करेंगे। धरने के दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से 108 बार राम नाम का जाप भी किया। इसके माध्यम से उन्होंने अपनी मांगों के जल्द समाधान की प्रार्थना की और आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से जारी रखने का संकल्प जताया। बीते दिन सेक्टर 4 में धरना दे रही महिलाएं भाजपा नेता विनीत शारदा से भी मिली थी। जहां उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया था, कि सरकार आपके हित में कार्य कर रही है पूरा प्रकरण हमने मुख्यमंत्री के संज्ञान में डाला हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना तो कोई नहीं कर सकता लेकिन आपके मकान को बचाने का प्रयास हम लगातार कर रहे हैं। इसके बाद महिलाएं वहां से वापस आ गई थी। इससे पहले भी धरने पर बैठी महिलाएं राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर, सरधना विधायक अतुल प्रधान और आवास विकास के कार्यालय पर पहुंच चुके हैं। सभी जगह महिलाओं ने अपनी एक ही मांग बताई और सभी जगह से उनको यही आश्वासन मिला कि हम आपके हित में कार्य कर रहे हैं।

# मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती

**प्रेम प्रसंग का है मामला, युवक की बिहार में दूसरी युवती से तय हो गई शादी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-62 टोट मॉल रोड सी ब्लाक ग्रीन बेल्ट में लगे मोबाइल टावर पर युवती चढ़ गई। युवती की उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। युवती ने खुद ही डायल-112 नंबर पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंची। पहले युवती से बातचीत की गई उसे समझाया गया उसके बाद उसे नीचे उतारा गया। युवती का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। पुलिस ने बतया कि युवती का युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती दो साल से युवक के साथ मामूरा गांव में रह रही थी। दोनों ही एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते है। हाल ही में युवक अपने गांव बिहार चला गया। वहां वो किसी अन्य युवती से शादी कर रहा है। ये बाद युवती को पता चली। जिसके बाद वो टावर चढ़ गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची।

# फर्नीचर मार्केट में भीषण आग, कई ब्लास्ट हुए

**शोरूम और 7 दुकानें जलकर राख; 2 किमी दूर तक दिखा धुआं**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , गौतमबुद्धनगर जिले में रात करीब 10 बजे शाहबेरी फर्नीचर मार्केट में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लपटें करीब 20 फीट तक ऊपर उठ रही थीं। आसमान धुएं से ढक गया था। 2 किमी दूर तक धुएं का गुबार देखा गया। इस दौरान कई धमाके भी हुए। इससे आसपास के लोग सहम गए। सूचना पाकर दमकल विभाग की करीब 32 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस विभाग की मदद से आग बुझाने के काम में जुट गईं। करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन, तब तक 6 फर्नीचर और 2 प्लास्टिक की दुकानें जलकर राख हो चुकी थीं।ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनी ये मार्केट अवैध है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग पहले एक प्लास्टिक की दुकान में लगी थी, जो कुछ मिनटों में आसपास की दुकानों तक फैल गईं। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों का कहना है कि आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही असल वजह पता चल सकेगी।




### पुलिस ने रास्तों को डायवर्ट कर ट्रैफिक को संभाला

पूरा मामला बिसरख थाना क्षेत्र का है। आग लगने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए, जिससे आसपास की सड़कों पर जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस ने रास्तों को डायवर्ट कराया और भीड़ को हटाने का प्रयास किया आग तेजी से फैलने के कारण ग्रेटर नोएडा वेस्ट से क्रॉसिंग रिपब्लिक की तरफ जाने वाले मार्ग को भी बंद किया गया। इसकी वजह से रोड पर काफी लंबा जाम लग गया। शाहबेरी में रोड काफी संकरी होने के कारण कई जगह पर दमकल की गाड़ी को भी पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# गारमेंट फैक्ट्री की दो फैक्ट्री में भीषण आग

**कर्मचारियों में मची अफरा-तफरी, दमकल की 16 गाड़ियों ने दो घंटे में पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-63 स्थित डी-140 इगल बिजनेस कॉरपोरेशन और डी 139 शौर्य एकसपोर्ट नाम की गारमेंट फैक्ट्री में दोपहर को भीषण आग लग गई। दमकल की एक-एक करके16 गाड़ियों को भेजा गया। करीब दो घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग फैक्ट्री के ग्राउंड फ्लोर पर बने सेटबैक एरिया में लगी, जहां ऐसी में शॉट सर्किट हुआ। यही कंपनी का जनरेटर रखा था।इसी स्थान पर कंपनी ने गोदाम भी बना रखा था, जिसकी चपेट में आने से आग तेजी से फैल गई। इसी से ही दूसरी कंपनी में आग लग गई। दोनों ही कंपनियों में गारमेंट का काम होता है। इसलिए आग तेजी से फैली। फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी मिलते ही वहां मौजूद कर्मचारी और अन्य लोग तुरंत बाहर निकल आए। राहत की बात यह रही कि आग में किसी के फंसे होने की सूचना नहीं है।हालांकि आग से फैक्ट्री में भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। आग की चपेट में पास की एक अन्य कंपनी भी आ गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

बताया जा रहा है कि आग करीब पौने दो बजे लगी। फैक्ट्री के गार्ड ने घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

## ओबरा नगर पंचायत मामला गरमाया मुख्यमंत्री कार्यालय संज्ञान के बाद जांच तेज ,शासन सक्रिय

**शिकायतों पर जांच के आदेश जारी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत होगी कार्रवाई**

**अमन लेखनी समाचार**



ओबरा। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत ओबरा जनपद सोनभद्र से जुड़े कथित अनियमितताओं एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर मामला अब शासन स्तर तक पहुंच गया है। प्राप्त शिकायतों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर शासन ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं ।माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में मामला आने के उपरांत प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग के निर्देश पर उप सचिव राजेश्वरी प्रसाद द्वारा जिलाधिकारी सोनभद्र को निर्देशित किया गया है कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर तथ्यात्मक आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराई जाए ।नगर विकास अनुभाग-1, लखनऊ से जारी पत्र संख्या /1330497/2026/9-1099/70/2026 दिनांक 15 मई 2026 में शिकायतकर्ता राकेश केशरी ओबरा द्वारा प्रेषित अभ्यावेदन का उल्लेख करते हुए मामले को जांच योग्य श्रेणी में रखा गया है ।शिकायत में नगर पंचायत ओबरा से संबंधित विभिन्न कार्यों में नियमों की अनदेखी, वित्तीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को लेकर उठे सवालों तथा प्रशासनिक स्तर पर कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की गई है। साथ ही माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशों के अनुपालन को लेकर भी शिकायत में गंभीर बिंदु उठाए गए हैं ।नगर विकास विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मामलाः नगर पंचायत ओबरा सोनभद्र आदेश तिथिः 15 मई 2026 प्रकरण को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर जारी है।

## Yaksh App पर बीट सूचना अंकित एवं फीडिंग कराने के संबंध में गोष्ठी आयोजित



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में पुलिस कार्यालय सोनभद्र में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल द्वारा Yaksh App पर बीट संबंधी सूचनाओं को अंकित एवं फीडिंग कराने के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान जनपद के समस्त संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को Yaksh App के शत-प्रतिशत उपयोग हेतु निर्देशित किया गया तथा ऐप के प्रभावी संचालन, बीट सूचनाओं के सही एवं समयबद्ध फीडिंग तथा उसके उपयोग के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा बताया गया कि Yaksh App के माध्यम से बीट पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। इसके माध्यम से क्षेत्र की गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों तथा महत्वपूर्ण सूचनाओं का त्वरित संकलन एवं निगरानी संभव होगी। गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऐप के उपयोग संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए नियमित रूप से सूचनाओं को अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया।

## वकीलों पर लाठीचार्ज और चैंबर ध्वस्तीकरण लोकतंत्र पर हमला, सरकार दे मुआवजा – राकेश शरण मिश्र

**(संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष में दोषी अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों पर दंडात्मक कारवाई की मांग की)**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैंबरों पर जिस प्रकार बिना समुचित पूर्व सूचना, बिना वैकल्पिक व्यवस्था तथा बिना मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखे बुलडोजर चलाया गया एवं विरोध कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग और लाठीचार्ज किया गया इसका संज्ञान लेते हुए संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि यह करवाई अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का अभिन्न अंग है। न्यायालय परिसर में वर्षों से कार्यरत अधिवक्ताओं के चैंबर केवल ईंट-पत्थर की संरचना नहीं होते, बल्कि अधिवक्ताओं की आजीविका, मेहनत, विधिक दस्तावेजों एवं मुवक्किलों के विश्वास का केंद्र होते हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा अचानक बुलडोजर कार्रवाई कर चैंबरों को ध्वस्त करना अधिवक्ता समाज का अपमान है। श्री मिश्र ने कहा कि मैं इस घटना की घोर भर्त्सना करता हूँ तथा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग करता हूँ कि जिन अधिवक्ताओं के चैंबर तोड़े गए हैं, उन्हें उचित आर्थिक मुआवजा एवं वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराई जाए। लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग के दोषी पुलिसकर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में अधिवक्ताओं के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट नीति बनाई जाए। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय न्यायिक/प्रशासनिक जांच कराई जाए। लोकतंत्र में संवाद और संवेदनशीलता प्रशासन की पहली जिम्मेदारी होती है, न कि दमनात्मक कार्रवाई। अधिवक्ता समाज अपने सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव एकजुट रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने कहा कि यदि जल्द से जल्द दोषी अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कारवाई नहीं की गई तो पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं को एकजुट होकर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेवारी प्रदेश सरकार की होगी।

खास समाचार

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप



कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के गदियाना गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के भुवन खेड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय मालती देवी के रूप में हुई है। करीब 14 वर्ष पूर्व उनकी शादी गदियाना गांव निवासी पप्पू मौर्य के साथ हुई थी। बताया गया कि शनिवार देर रात मालती देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार उन्हें तेज बुखार के बाद उल्टी-दस्त शुरू हो गए थे। हालत गंभीर होने पर कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतका का भाई मनोज मौके पर पहुंचा। उसने बहन की मौत को संदिग्ध बताते हुए ससुराल पक्ष पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया। मनोज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं मृतका के पति पप्पू मौर्य का कहना है कि मालती की मौत बीमारी के चलते हुई है और उन पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। मालती देवी अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गई हैं। कासिमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## सत्ती माता मंदिर पर अखंड रामचरित मानस पाठ एवं विशाल कन्या भोज का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। ग्राम कचीर स्थित सत्ती माता मंदिर पर लगभग छह माह से प्रत्येक सोमवार को आयोजित हो रहे भजन-कीर्तन कार्यक्रम के समापन अवसर पर सोमवार को मंदिर प्रांगण में अखंड श्री रामचरित मानस पाठ एवं विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। रविवार से प्रारंभ हुए अखंड श्री रामचरित मानस पाठ का सोमवार को विधिवत समापन हुआ। समापन के उपरांत आचार्य पंडित हरप्रकाश तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न कराया तथा श्रद्धालुओं से हवन वेदी में आहुतियां डलवाईं। इस दौरान सती माता मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। वहीं मंदिर प्रांगण में आयोजित कन्या भोज में बड़ी संख्या में पहुंची कन्याओं एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मझगुवां निवासी सत्ती माता के वंशजों सहित विनोद गौतम, हरिचंद्र दाऊ, गुलजारी जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, बाबू गौतम, रतन यादव, हेमंत यादव, दीपक यादव, रामनरेश यादव, जयपाल रायकवार, हल्के यादव, जशपाल शर्मा, पवन, शिवम, परिहार, लालू प्रसाद, शैलेश परिहार, भान सिंह, भूपेंद्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अनपरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अनपरा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 106/2026 धारा 137(2), 64(2)ट, 65(1) बीएनएस एवं 3/4(2), 5छ/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त संदीप सिंह पुत्र जय कुमार सिंह निवासी ग्राम चौरा थाना माडा जनपद सिंगरौली (म0प्र0), को आज दिनांक 17.05.2026 को गिरफ्तार किया गया।

## मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## पीआरबी-112 चोपन पुलिस की तत्परता से स्कूल से गायब दो नाबालिग बच्चियां सकुशल बरामद, बड़ी घटना टली

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा एवं सहायता हेतु निरंतर सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पीआरबी-112 चोपन पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूल से गायब हुई दो नाबालिग बच्चियों को सकुशल बरामद कर संभावित बड़ी अप्रिय घटना को टाल दिया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर पीआरबी-112 चोपन पुलिस द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए दोनों बच्चियों की तलाश की गई तथा उन्हें सकुशल बरामद कर लिया गया। उक्त प्रकरण थाना रॉबर्ट्सगंज से संबंधित था, जहां बच्चियों के गायब होने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत है। बरामदगी के उपरांत दोनों बच्चियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु सकुशल थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस के सुपुर्द किया गया। पीआरबी-112 पुलिस टीम की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई से किसी बड़ी अप्रिय घटना की संभावना को समय रहते टाल दिया गया। बच्चियों के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए पीआरबी-112 की कार्यशैली की सराहना की। जनपद सोनभद्र पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी आपात स्थिति अथवा संदिग्ध परिस्थिति में तत्काल यूपी-112 पर सूचना दें। आपकी सुरक्षा हेतु यूपी-112 सदैव तत्पर है।

## एलकेजी यूकेजी कक्षा में बगैर मान्यता का दाखिला का मामला पहुंचा सीएम दरबार, धोखाधड़ी का मामला

**धन उगाही का विद्यालय प्रबंधन पर आरोप।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। स्थानीय क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल पर अभिवाहक ने एलकेजी यूकेजी कक्षा में धोखाधड़ी से बच्चों का दाखिला कराने का आरोप लगाया । एलकेजी यूकेजी कक्षा में दाखिला दर्ज की जगह टीसी में कक्षा एक से बच्चों का नाम दाखिला में दर्शाए जाने पर खुली पोल, अभिवाहक ने विद्यालय प्रबंधन पर धोखाधड़ी से एलकेजी यूकेजी कक्षा में एडमिशन कर धन उगाही सहित लगाए कई गंभीर आरोप। ग्राम बिल्ली मारकुंडी के बाड़ी निवासी गुलाम मुतुर्जा अंसारी ने विद्यालय प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए बताया कि नगर पंचायत डाला बाजार के नई बस्ती स्थित एक निजी विद्यालय हिंदल वली ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में मैने अपने तीन बच्चों में दो पुत्र एक पुत्री को अलग अलग शैक्षिक प्रवेश वर्ष में स्कूल प्रबंधन कमेटी के कहने पर उनके विद्यालय में एलकेजी यूकेजी कक्षा में दाखिला कराया, जिसमें बड़े पुत्र का 2016 सन्में एलकेजी कक्षा में दाखिला कराया गया फिर अन्य विद्यालय में प्रवेश कराने लिए स्कूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी)लेने गए तब उसमें दाखिला दिनांक 06/5/2018 को कक्षा एक में दर्ज दशार्या गया ,वही मझले पुत्र को एलकेजी में सन-2021 में एडमिशन कराया पर उसका नाम भी टीसी पर दिनांक 6/4/2023 से कक्षा एक में प्रवेश दर्ज दशार्या गया और सबसे छोटी पुत्री का एडमिशन दिनांक 23/09/20 को एलकेजी में कराया जो यूकेजी तक विद्यालय में पढ़ी जिसका अंक पत्र तो विद्यालय द्वारा दे दिया गया पर टीसी विद्यालय द्वारा नहीं दिया गया। पीड़ित पिता ने विद्यालय प्रबंधन पर आरोप लगाया कि हमारे तीनों बच्चों का प्रवेश स्कूल में एलकेजी झ्यूकेजी कक्षा में कराए जाने के लिए हमें विद्यालय प्रबंधन ने झांसे में लेकर हमारे साथ धोखाधड़ी किया गया, शिक्षा व अध्ययन कराए जाने के नाम पर धन उगाई किया गया ,रिपोर्ट कार्ड अंक पत्र तो सभी बच्चों का दिया गया है जब बच्चों को अन्य विद्यालय में प्रवेश के लिए विद्यालय टीसी लेने गए तो टीसी में विद्यालय प्रबंधन द्वारा दो बच्चों को एलकेजीझ्र यूकेजी की जगह कक्षा एक से एडमिशन दशार्या गया वही पुत्री का सिर्फ रिपोर्ट कार्ड ( अंक पत्र )की प्राप्त हुआ है । स्कूल के टीसी में एलकेजी यूकेजी कक्षा में बच्चों का दाखिला नहीं दर्शाए जाने पर विद्यालय प्रबंधन कोई सुनवाई नहीं किया जा रहा है पीड़ित पिता ने विद्यालय प्रबंधन पर धोखाधड़ी से एलकेजीझ्यूकेजी कक्षा में बच्चों का दाखिला कराने सहित धन उगाई के लिए फल फूल रहे विद्यालय पर एडमिशन कराने जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर गुहार लगाई ,मामले में जांच पड़ताल कराए जाने की मांग उठाई । क्षेत्रीय शिक्षा खंड चोपन के एबीएसए लोकेश मिश्रा ने बताया कि संबंधित विद्यालय के एलकेजी यूकेजी कक्षा की मान्यता के सम्बन्ध में जांच पड़ताल करने के बाद ही मामले में स्पष्ट बता पाएंगे।

## सोनभद्र पुलिस का ड्रिंक एंड ड्राइव एवं प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध अभियान जारी

**यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर की गई प्रभावी कार्यवाही।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। यातायात निदेशालय उ0प्र0 द्वारा संचालित विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारू द्विवेदी के नेतृत्व में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। दिनांक 16.05.2026 को अभियान के तहत थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत लोढ़ी टोल प्लाजा पर यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की गहन जांच की गई तथा शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव एवं प्रेशर हॉर्न के उल्लंघन में कुल 08 वाहनों को सीज किया गया तथा 25 वाहनों का चालान किया गया एवं थाना चोपन क्षेत्रान्तर्गत मालोघाट टोल प्लाजा पर भी ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत विशेष चेकिंग की गई, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 05 वाहनों का चालान किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन संचालन करने तथा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करने हेतु जागरूक भी किया गया। सोनभद्र पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान आगे निरंतर जारी रहेंगे।

## चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई दिनांक 17.05.2026 को समय करीब 01:30 बजे थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा अम्बेडकर प्रतिमा स्थल से लगभग 20 मीटर पहले नहर पुलिया के पास बहदग्राम मारकुण्डी टोला अवई, थाना चोपन से अभियुक्त दीपनारायण पटेल पुत्र रत्नेश सिंह निवासी ग्राम धनसीरिया थाना राजगढ़ जनपद मिजार्पुर उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के सफेद झोले में 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0- 180/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## चोपन पुलिस की 'यूपी 112' टीम बनी देवदूत, फांसी के फंदे पर लटकी महिला को CPR देकर दी नई जिंदगी

**अमन लेखनी समाचार**

चोपन /सोनभद्र- घरेलू कलह के बाद बंद कमरे में फांसी के फंदे पर झूल चुकी एक महिला के लिए यूपी 112 की टीम 'देवदूत' बनकर सामने आई। पुलिस जवानों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए न सिर्फ बंद कमरे की खिड़की तोड़ी, बल्कि सांसें थम जाने के बाद महिला को सीपीआर (उढफ) देकर उसकी डूबती सांसों को वापस लौटा लिया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

### खिड़की से देखा तो फंदे से लटक गई महिला प्राप्त

जानकारी के अनुसार चोपन थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के पास अम्मा टोला निवासी अनिल कुमार (पुत्र रमेश कुमार) अपनी पत्नी छोटी के साथ किराए के मकान में रहकर जीविकोपार्जन करते हैं। बीती रात किसी पारिवारिक बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद से क्षुब्ध होकर पत्नी छोटी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाने का प्रयास करने लगी। घबराए पति ने तत्काल इसकी सूचना पीआरबी 112 (वाहन संख्या 1070) को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मुख्य आरक्षी (दीवान) नागेन्द्र कुमार पटेल और सुनील कुमार गौड़ ने जब खिड़की से झांककर देखा, तो महिला फांसी लगाने की तैयारी कर रही थी।

### लाख समझाने पर भी नहीं मानी, फिर जवानों ने दिखाया साहस

पुलिसकर्मियों ने बाहर से महिला को समझाने और शांत करने का काफी प्रयास किया, लेकिन गुस्से और तनाव में आकर महिला ने पंखे के सहारे साड़ी का फंदा बनाकर खुद को लटका दिया। यह भयावह दृश्य देखते ही पीआरबी के जवानों ने एक पल की भी देरी नहीं की। जवानों ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए कमरे की खिड़की को तोड़ दिया और अंदर दाखिल होकर महिला को फंदे से तत्काल नीचे उतारा

### थम चुकी थीं सांसें, उढफ देकर बचाई जान

जब महिला को नीचे उतारा गया, तब तक उसकी सांसें पूरी तरह थम चुकी थीं और शरीर में कोई हलचल नहीं थी। ऐसी गंभीर स्थिति में जवानों ने हिम्मत नहीं हारी और तत्काल महिला को सीपीआर देना शुरू किया। कुछ ही मिनटों की मशक्कत के बाद चमत्कार हुआ और महिला की सांसें दोबारा चल उठीं

### अस्पताल में भर्ती, स्थिति अब पूरी तरह सुरक्षित

सांसें वापस आते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उऌउ) चोपन पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर निगरानी और इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, समय पर सीपीआर मिलने के कारण ही महिला की जान बच सकी है। वर्तमान में महिला पूरी तरह से सुरक्षित और सकुशल है।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# धमाल 4 और वेलकम टू द जंगल के बीच नहीं होगा क्लैश

मुंबई। अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म धमाल 4 और अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल का अब बॉक्स ऑफिस पर क्लैश नहीं होगा। खबर है कि अजय देवगन ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट बदल ली है। बताया जाता है कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के क्लैश को लेकर अजय देवगन और अक्षय कुमार के बीच बातचीत हुई थी। इसके बाद बड़ा कदम उठाया गया है। अजय देवगन की फिल्म 'धमाल 4' पहले तीन जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब अभिनेता ने इसे 17 जुलाई को रिलीज करने का फैसला किया है। वहीं अब 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून 2026 को रिलीज होगी। खबर है कि अजय देवगन और अक्षय कुमार ने आपस में बात की।

लाइफ Style


# अदिति

## रेड कार्पेट पर बिखेरा बोल्डनेस का जादू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति राव हैदरी 79वें कान फिल्म महोत्सव में शिरकत करने पहुंची हैं। फेस्टिवल के पहले दिन वे ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। साड़ी में उनका खूबसूरत अंदाज देख सभी दीवाने हो गए। दूसरे दिन उन्होंने रेड कार्पेट पर उपस्थिति दर्ज कराई।

वे वन शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आईं। अदिति नियॉन मेटैलिक ग्रीन गाउन में दिखीं। उन्होंने इसके साथ चोकर नेकलेस कैरी किया। अदिति का ग्लैमरस अंदाज सबको पसंद आया है। इस शाइनिंग गाउन में उन्होंने गोल्डन फुटवियर्स पेयर किए हैं। अदिति राव ने हेयरस्टाइल बनाने के बजाय ओपन हेयर रखे। उन्होंने मिनिमम मेकअप से लुक कंपलीट किया है। रेड कार्पेट पर अदिति ने स्टाइलिश पोज दिए, वे फ्लाइंग किस करती नजर आईं। ट्रेल गाउन ड्रेस में अदिति के इस लुक ने पुराने हॉलीवुड स्टाइल की याद दिला दी। एक्ट्रेस ने इसे मॉर्डन टच दिया है। नेटिजंस अदिति की फिटनेस और कर्वी फिगर की तारीफ कर रहे हैं। अदिति राव हैदरी ने सोशल मीडिया पर अपना रेड कार्पेट लुक शेयर करते हुए लिखा है, 'कान स्टेट ऑफ माइंड ! यहां आना सफल रहा'। अदिति के लुक पर नेटिजंस के पॉजिटिव रिएक्शंस आ रहे हैं, उनके ग्लैमर और स्टाइल की फैंस तारीफ कर रहे हैं। अदिति राव हैदरी पहले दिन साड़ी पहनकर कान फेस्टिवल में नजर आई थीं। 12 मई से शुरू हुए कान फिल्म फेस्टिवल में आलिया भट्ट से लेकर हुमा कुरैशी तक कई एक्ट्रेस पहुंची हैं। अदिति ने भी अपने स्टाइल और ग्लैमर से सबका ध्यान खींचा है।



हॉलीवुड मसाला




# हीरोइन को उठाया गोद में...

पेरिस। कान फिल्म फेस्टिवल में बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग होती है। साथ ही कई एक्ट्रेसेस के लुक भी चर्चा में रहते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल से एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें एक एक्टर, एक हीरोइन को गोद में उठाता और बाद में दोनों डांस करते हैं। इवेंट मे मौजूद हर फोटोग्राफर्स का ध्यान यह कथित कपल अपनी तरफ खींच लेता है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर एक कथित सेलेब्रिटी कपल नजर आया। काले रंग के गाउन में एक्ट्रेस दिलकश लग रही थीं।




# हार्वे से जुड़े दुष्कर्म मामले में हुआ मिसट्रायल ...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन पर दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध का अरोप लगा, कुछ मामलों में सजा भी हुई। लेकिन दुष्कर्म का एक मामला तीन बार ट्रायल के लिए जा चुका है और अब तक किसी फैसले पर नहीं पहुंचा है। न्यूयॉर्क के एक जज ने प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन के दुष्कर्म मामले में मिसट्रायल (अधूरे मुकदमे) का ऐलान किया। यह केस अब तक तीन बार ट्रायल के लिए जा चुका है। दरअसल, इस केस में जूरी अब तक किसी एक फैसले पर नहीं पहुंच पाई। हार्वे वीनस्टीन पर एक हेयरस्टाइलिस्ट जेसिका मान ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इसी केस में ट्रायल चल रहा है। ट्रायल का अहम मुद्दा यही था कि क्या हार्वे वीनस्टीन ने 2013 में जेसिका मान के साथ दुष्कर्म किया था।



# बेटों की परवरिश सही तरीके से हो: शेफाली

मुंबई। अभिनेत्री शेफाली शाह ने बच्चों की परवरिश को लेकर अपना नजरिया पेश किया है। खासकर ऐसी दुनिया में, जहां अल्फा मेल कल्चर और पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को लेकर जोरदार बहसें चल रही हैं। शेफाली ने बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को परवरिश का एक बेहद सीधा-सादा नियम सिखाया है और उनका मानना है कि अच्छी परवरिश के नतीजे सामने आने से बहुत पहले ही इसकी शुरुआत हो जाती है। शेफाली शाह ने मां बनने और बेटों की परवरिश के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'हमारी बेटियां तभी सुरक्षित रहेंगी। जब हमारे बेटों की परवरिश सही तरीके से होगी। मैंने एक ऐसी बात सोची जो मैंने उन्हें बताई और मुझे लगता है कि यह बात हर किसी पर लागू होती है। आप दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करें, जैसा आप खुद अपने साथ होने की उम्मीद करते हैं।



# तुम्बाड यूनिवर्स में हुई आलिया की एंट्री

मुंबई। आलिया भट्ट इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी मौजूदगी को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच अब एक्ट्रेस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट जल्द ही 'तुम्बाड 2' का हिस्सा बनने वाली हैं। बॉलीवुड हंगामा की खबरों की मानें तो आलिया फिल्म में 15 दिनों का एक एक्सटेंडेड कैमियो करेंगी, लेकिन उनका किरदार कहानी के लिए काफी अहम होगा। इतना ही नहीं, उनका यही किरदार आगे जाकर 'तुम्बाड 3' में मुख्य भूमिका निभाएगा। बताया जा रहा है कि तीसरे पार्ट में आलिया, सोहम शाह के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, आलिया मई के अंत तक अपने कैमियो की शूटिंग पूरी कर लेंगी। इसके बाद वह 'लव एंड वॉर' की शूटिंग में व्यस्त हो जाएंगी।

टीवी मसाला



# कुशल और कायरा ने जीता स्प्लिट्सविला एक्स-6

नई दिल्ली। 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' का आखिरकार ग्रैंड फिनाले हो गया है और कुशल तंवर (गुल्लू) और कायरा अनू ने यह शो जीत लिया है। इस डेटिंग रियलिटी शो को जीतने पर कुशल तंवर और कायरा को ट्रॉफी के साथ 20 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। फिनाले में उनकी टक्कर योगेश रावत और रुरु ठाकुर से थी। यह सीजन खूब ड्रामा, ट्विस्ट और लड़ाई-झगड़ों से भरा रहा। कपल्स के बीच भी खूब कांटे की टक्कर देखने को मिली। 'स्प्लिट्सविला 16 के ग्रैंड फिनाले में ब्रीफकेस टास्क भी था, जिसकी राशि 5 लाख रुपए थी। चूंकि, किसी ने भी 5 लाख रुपए से भरा ब्रीफकेस नहीं लिया, इसलिए इनाम की राशि 20 लाख रुपए ही रही। स्प्लिट्सविला के इस सीजन में सेमी-फिनाले में चार जोड़ियां पहुंचीं। ये जोड़ियां थीं- कुशल तंवर (गुल्लू) और कायरा अनु, योगेश रावत और रुरु ठाकुर, सोराब बेदी और निहारिका तिवारी, और तायने और सौंदर्या शेट्टी। इन चारों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखी गई। कड़े मुकाबले और वोटिंग के बाद गुल्लू-कायरा, और योगेश-रुरु शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचीं। उसमें गुल्लू और कायरा की जोड़ी ने योगेश और रुरु को कड़ी टक्कर दी और विनर बन गए। Splitsvilla X6 जीतने के बाद कुशल तंवर (गुल्लू) ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह और कायरा यह शो जीतना डिजर्व करते थे। उन्होंने फैंस का भी शुक्रिया अदा किया। कुशल तंवर बोले, 'आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मेरा साथ दिया। जीतने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

## मैं बहुत फ्री हूं, मुझे कुछ काम दो : तान्या

नई दिल्ली। एक वायरल वीडियो में तान्या मित्तल पैपराजी से बातचीत कर रही है। इस वीडियो में वह साड़ी पहने नजर नहीं आ रही हैं, बल्कि एक ब्लू गाउन में दिख रही हैं। फैंस भी इस लुक में देखकर हैरान हुए। तान्या के लुक पर जमकर रिएक्शन दिए। इसके अलावा तान्य ने वर्कफ्रंट को लेकर भी कुछ बातें कहीं। तान्या मित्तल ने वायरल वीडियो में पैपराजी से पहले कुछ खाने-पीने के लिए पूछा। लेकिन, सबने मना कर दिया। फिर वह बोलीं- 'मैं बहुत फ्री हूं, मुझे कुछ काम दो। मुझे अच्छा लगेगा, अगर आप लोग कुछ खाएंगे। मैं यहां सिर्फ फोटो क्लिक करवाने थोड़े आती हूं।'इसके बाद तान्या मुस्कुरा दीं। तान्या के गाउन लुक और उनके व्यवहार को फैंस ने खूब सराहा, कमेंट सेक्शन में उन्हें एक अच्छा इंसान बताया और फायर, हार्ट इमोजी शेयर किए। तान्या अब शो बिजनेस में आ रही हैं तो उनका लुक अब बदलने लगा है।



# किंग का रास्ता साफ! शक्ति शालिनी की रिलीज डेट में हुआ बदलाव...

नई दिल्ली। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह हॉरर थ्रिलर, शाह रुख खान की फिल्म किंग के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिल्म की रिलीज डेट 24 दिसंबर 2026 को तय की गई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि शक्ति शालिनी का शाह रुख खान की फिल्म के साथ क्लैश नहीं होने वाला है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, शक्ति शालिनी की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है। फिल्म अब 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक नहीं देगी। फिल्म की रिलीज डेट एक महीने आगे बढ़ा दिया गया है। इसकी वजह किंग बताई जा रही है। मेकर्स नहीं चाहते हैं कि फिल्म का क्लैश हो। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म जनवरी 2027 में आ सकती है। हालांकि, अभी तारीख डिसाइड नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि कॉकटेल 2 के बाद रिलीज डेट क्लियर होगी। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही शक्ति शालिनी के प्रोडक्शन का काम आखिरी फेज में पहुंच गया है। इस फिल्म में सैयारा की हीरोइन अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में उनका डबल रोल है। टाइटल क हिसाब से वह शक्ति (रक्षक) और शालिनी (बुरी ताकत) के किरदारों में दिखाई देंगी। बात करें फिल्म की कहानी की तो यह बंगाली लोककथाओ और पौराणिक कथाओं पर आधारित है। अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाली शाश्वत लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमने वाली फिल्म की कहानी एक ऐसी भूतनी की होगी जो मर्दों को सजा देती है जिसने उसके साथ विश्वासघात किया था और उसे बेरहमी से मार डाला था। इस भूतनी को नष्ट करने के लिए रक्षक बनकर एक शक्ति आती है।




# वीकेंड पर पति-पत्नी और वो दो की चांदी करुप्पु की कमाई में जबरदस्त उछाल...


मुंबई। वीकेंड का इंतजार उन स्टार्स, फिल्ममेकर्स को बेसब्री से रहता है, जिनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन की दौड़ में शामिल रहती हैं। आयुष्मान खुराना की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म पति पत्नी और वो दो के अलावा संजय दत्त की ड्रामा फिल्म आखिरी सवाल को सिनेमाघरों में दो दिन हो चुके हैं।

**पति पत्नी और वो दो की बढ़ी कमाई :** सैकनिल्क के अनुसार फिल्म पति पत्नी और वो दो ने दूसरे दिन 5.75 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि पहले दिन 4 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इस फिल्म ने शनिवार को अपने कलेक्शन में इजाफा किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 9.75 करोड़ रुपएहो चुका है। फिल्म पति पत्नी और वो दो में आयुष्मान खुराना, अलावा सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं।

**आखिरी सवाल को भी मिला फायदा :** वीकेंड का फायदा संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल को भी मिला है। शनिवार को इसकी कमाई में भी मामूली बढ़ोतरी हुई है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 73 लाख रुपए कमाए हैं। जबकि पहले दिन 40 लाख रुपए कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1.13 करोड़ रुपए हो चुका है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच ज्यादा क्रेज देखा नहीं जा रहा है।

**करुप्पु का बॉक्स ऑफिस पर जलवा :** सूर्या स्टारर फिल्म करुप्पु बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 23.40 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि ओपनिंग डे पर इस साउथ फिल्म ने 15.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किय था। इस फिल्म ने कुल 38.90 करोड़ रुपए की कमाई की है। सूर्या स्टारर इस फिल्म में तृषा कृष्णनन भी अहम भूमिका में हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर इस फिल्म की खूब चर्चा है।

**कृष्णावतारम पार्ट 1 :** फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1' को थिएटर में 10 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 10वें दिन 2.30 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि 9वें दिन 1.20 करोड़ रुपएकी कमाई की है। फिल्म ने कुल 17.02 रुपएका कलेक्शन कर लिया है। यह माइथोलॉजिकल फिल्म दर्शकों को भा रही है।




## डेन ने 80 से लेकर 90 के दशक तक फिल्मी पर्दे पर खूब निभाए विलेन के रोल

# इंडस्ट्री की राजनीति से टूटा दिल, एक्टिंग छोड़ बना सेलर, चला रहा होमस्टे

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जब भी आइकॉनिक या खूंखार विलेन्स की बात आती है, तो दिलो-दिमाग में मोगेम्बो से लेकर शाकाल और गब्बर जैसे किरदार आते हैं। कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने विलेन बनकर फिल्मी पर्दे पर खूब पॉपुलैरिटी पाई, पर कुछ ने इंडस्ट्री छोड़ दी, तो कुछ गुमनामी में खो गए और कुछ इस दुनिया से चल बसे। अमजद खान और अमरीश पुरी से लेकर प्राण, डैनी डेंजोंगपा, अजीत, प्रेम चोपड़ा और आशुतोष राणा तक ढेरों ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ खूंखार अंदाज और भारी आवाज से विलेन के रूप में दर्शकों के दिलों में भी डर पैदा कर दिया था। ऐसे ही एक विलेन की कहानी आपको बता रहे हैं। इनका नाम है डैन धनोआ, जिन्होंने 80 से लेकर 90 के दशक तक फिल्मी पर्दे पर खूब विलेन के रोल निभाए। इन्हें हिंदी सिनेमा का 'आखिरी स्टार विलेन' भी माना जाता है। लेकिन, कुछ ऐसा हुआ कि डैन धनोआ ने फिर अचानक ही फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ एक्टिंग छोड़ दी और मर्चेंट नेवी में सेलर बन गए।*

### पिता एक्टिंग के सख्त खिलाफ थे

जिन लोगों ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'मर्द' देखी है, तो उसमें डैन धनोआ को जरूर देखा होगा। उसमें डैन धनोआ ने विलेन का रोल किया था। घोड़े पर बैठकर डैन धनोआ एंट्री मारते हैं और बोलते है- मैं हूं जनरल डायर का बेटा डैनी। इसी डायलॉग और किरदार ने डैन धनोआ को रातोंरात मशहूर कर दिया था। इसके बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर्स की लाइन लग गई थी। हालांकि, डैन धनोआ के पिता एक्टिंग के सख्त खिलाफ थे। वह चाहते थे कि बेटा मां की तरह डॉक्टर बने, पर डैन धनोआ एक्टर भी नहीं बनना चाहते थे। वह पढ़ाई पूरी करने के बाद मर्चेंट नेवी में चले गए। फिल्मों में आना बस एक इत्तेफाक था। कैसे वह फिल्मों में आए थे, यह भी इस स्पेशल में बताएंगे। डैन धनोआ 28 फरवरी, 1959 को पंजाब के जालंधर में सिख परिवार में पैदा हुए थे और उनका असली नाम इंद्रप्रीत सिंह धनोआ है। हालांकि, फिल्मों में आने के बाद वह डैन धनोआ के नाम से मशहूर हो गए। डैन धनोआ के पिता मेजर जनरल सरदार सिंह धनोआ थे और मां कैप्टन डॉ. परमजीत कौर धनोआ। वो आर्मी में डॉक्टर थीं। इस कारण डैन धनोआ को शुरुआत से ही अनुशासन और कड़ी मेहनत का गुण विरासत में मिला था।



### फिरोज ने जानबाज में किया साइन

फिरोज खान ने उन्हें फिल्म 'जानबाज' में साइन किया। डैन धनोआ को एक्टिंग नहीं आती थी, तो एक्टिंग वर्कशॉप कराई और लुक टेस्ट भी लिया। हालांकि, वह फिल्म किसी वजह से बंद हो गई। डैन धनोआ को डैन नाम भी फिरोज खान ने ही दिया था। और फिर जब साल 1986 में 'जानवर' फिल्म दोबारा बननी शुरू हुई, तो उसमें डैन धनोआ को कोई रोल नहीं मिला। इस तरह फिरोज खान और डैन धनोआ के रास्ते अलग हो गए।

### दिमाग में फिल्मों में जाने का ख्याल भी नहीं था

फिल्मों की बात करें, तो डैन धनोआ गलती से इस लाइन में आ गए थे। एक इंटरव्यू में डैन धनोआ ने बताया था कि उस वक्त ज्यादा नौकरियां नहीं थीं, तो उन्होंने मॉडलिंग शुरू कर दी। हालांकि, तब भी दूर-दूर तक उनके दिमाग में फिल्मों में जाने का ख्याल भी नहीं था। लेकिन साल 1984 की बात है। एक्टर फिरोज खान ने अपनी सिल्वर जुबली हिट फिल्म 'कुर्बानी' के लिए एक पार्टी रखी थी, और उसी में डैन धनोआ भी थे। उन पर फिरोज खान की नजर पड़ी, तो लुक्स और पर्सनैलिटी से प्रभावित हो गए।

### 'मर्द' ने किस्मत चमका दी

मनमोहन देसाई ने डैन धनोआ को 'मर्द' में साइन किया और इस फिल्म ने उनकी किस्मत चमका दी। इस फिल्म में डैन धनोआ का विलेन का रोल मिला था, और वह छा गए। इसके बाद फिर तो लगभग हर फिल्म में डैन धनोआ को विलेन या फिर नेगेटिव रोल में ही साइन किया जाने लगा। उन्होंने 'शहंशाह', 'त्रिदेव', 'तूफान', 'फूल और कांटे' और 'विश्वात्मा' जैसी फिल्में कीं।

### फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बना ली

लेकिन फिर 90 के दशक में डैन धनोआ ने फिल्म इंडस्ट्री से हमेशा के लिए दूरी बना ली। उन्होंने फिल्में करना छोड़ दिया। इसकी क्या वजह थी? यह एक्टर ने 'चाय के साथ दिल की बात' यूट्यूब चैनल को एक इंटरव्यू में बताई थी। डैन धनोआ ने कहा था, 'मैं फिल्म इंडस्ट्री का आदमी नहीं था। मैं आउटसाइडर था। मुझे इंडस्ट्री के तौर-तरीके समझ नहीं आते थे, जैसे काम मांगना और फिर पेमेंट की मांग करना। यह सब मेरे बस की बात नहीं थी।' डैन धनोआ के मुताबिक, कुछ प्रोड्यूसर्स ने उनके साथ जो बर्ताव किया, उससे वह निराश हो गए और 2000 के आसपास बॉलीवुड छोड़ दिया।

### डैन धनोआ की हिट फिल्में

मर्द (1985), कर्मा (1986), शहंशाह (1988), त्रिदेव (1989), सनम बेवफा (1991), फूल और कांटे (1991),विश्वात्मा (1992)।